दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 274 | जयपुर | गुरूवार, 07 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### कुबेरेश्वर धाम आए 3 और श्रद्धालुओं की मौत, 3 घायल


बढ़ता राजस्थान

**सीहोर ( एजेंसी )।** सीहोर में बुधवार को पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में कांवड़ यात्रा में शामिल होने आए तीन और लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक की मौत धाम में अचानक चक्कर आकर गिरने से हुई है, जबकि दूसरे व्यक्ति की मौत एक होटल के सामने खड़े-खड़े गिर जाने से हुई है। एक शख्स की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। वहीं एक महिला को अचेत हालत में जिला अस्पताल लाया गया है। जबकि अलग-अलग कारणों से तीन लोग घायल हो गए हैं।

### पीएम मोदी गलवान झड़प के बाद पहली बार चीन जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एससीओ समिट में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद मोदी की पहली चीन यात्रा होगी। मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। बतौर प्रधानमंत्री पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था।

### बीसीसीआई को आरटीआई के दायरे में नहीं लाया जाएगा

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई अब भी आरआईटी के दायरे में नहीं आएगा। खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया है। इसके अनुसार, अब केवल उन्हीं खेल संगठनों को इसके दायरे में लाया गया है, जो सरकारी अनुदान और सहायता लेते हैं। बीसीसीआई खेल मंत्रालय से कोई अनुदान नहीं लेता है। हालांकि, विभिन्न संगठन कई बार बीसीसीआई को आरटीआई (सूचना का अधिकार) के दायरे में लाने की मांग करते रहे हैं। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 23 जुलाई को लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 पेश किया था। इस बिल में खेलों के विकास के लिए नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बॉडी, नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड, नेशनल खेल इलेक्शन पैनल और नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल बनाने के प्रावधान हैं।

### राजस्थान रोडवेज बस का सफर महंगा

#### किराए में 10% से ज्यादा की बढ़ोतरी


बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान रोडवेज की बस में सफर करना महंगा हो गया है। किराए में 10% से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है। नई दरें मंगलवार रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। रोडवेज ने सभी प्रमुख बस कैटेगरी जैसे साधारण, एक्सप्रेस, सेमी डीलक्स, डीलक्स, वातानुकूलित और सुपर लग्जरी बसों में प्रति किलोमीटर किराया बढ़ा दिया है। साधारण बसों से लेकर सुपर लग्जरी बसों तक, सभी श्रेणियों में 10 से 20 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष शुभ्रा सिंह ने बताया- यह बढ़ोतरी सरकार की ओर से तय दरों के अनुसार की गई है। इसके तहत सभी श्रेणियों में औसतन 10 प्रतिशत किराया बढ़ाया गया है।

# ट्रम्प ने भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया

## अब कुल 50% टैरिफ; भारत बोला- ये कार्रवाई अन्यायपूर्ण, जरूरी कदम उठाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50% टैरिफ लगेगा।

**आदेश 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से लागू होगा**



### भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत बताया

विदेश मंत्रालय का अमेरिका को जवाब- अमेरिका ने हाल ही में भारत के रूस से किए जा रहे तेल आयात को निशाना बनाया है। हमने पहले ही साफ कर दिया है कि हम बाजार की स्थिति के आधार पर तेल खरीदते हैं और इसका मकसद 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगा रहा है, जबकि कई और देश भी अपने हित में यही काम कर रहे हैं। हम दोहराते हैं कि ये कदम अनुचित, नाजायज और गलत हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।

### ट्रम्प के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में लिखा है-

- भारत सरकार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके से रूस से तेल आयात कर रही है। ऐसे में अमेरिका में दाखिल होने वाले भारत के सामानों पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा।
- हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में इस टैरिफ से छूट भी दी जाएगी जैसे कि यदि कोई सामान पहले ही समुद्र में लद चुका है और रास्ते में है, या यदि वह कुछ खास तारीख से पहले अमेरिका में पहुंच चुका है।
- इससे पहले मार्च 2022 में अमेरिका ने एक आदेश जारी कर रूसी तेल और उससे जुड़े उत्पादों के अपने देश में आयात पर पूरी तरह रोक लगा दी थी।
- अब ट्रम्प प्रशासन ने यह पाया कि भारत उस रूसी तेल को खरीद रहा है, जिससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इस वजह से अब अमेरिका ने भारत पर यह नया टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

### कुछ भारतीय सामानों पर टैरिफ लागू नहीं होगा

- अप्रैल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी, वे छूट अब भी जारी रहेंगी।
- इन सामानों में सेमी-कंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोटिव पार्ट्स, तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं।
- इसका मतलब है कि भारत से होने वाले इन सामानों के भेजे जाने पर अब भी एक्स्ट्रा टैरिफ लागू नहीं होगा।
- इस आदेश में यह भी बताया गया है कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी तो राष्ट्रपति इसमें संशोधन कर सकते हैं, यानी टैरिफ की दर बदल सकते हैं या और नए प्रावधान जोड़ सकते हैं।

## मंत्रालयों के लिए 1500 करोड़ किराया चुका रही सरकार

# डेली 8-10 हजार कर्मचारियों का आना-जाना; कर्तव्य भवन से यह परेशानी दूर होगी : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-03 बिल्डिंग का उद्घाटन किया। पीएम ने कहा- कर्तव्य भवन में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी। ये सिर्फ इमारत नहीं, करोड़ों लोगों के सपनों को साकार करने की भूमि है।

पीएम ने कर्तव्य भवन की जरूरत के बारे में बताया कि, 100 सालों से होम मिनिस्ट्री एक ही बिल्डिंग में है। कुछ मंत्रालय किराए की बिल्डिंग में हैं। सालाना 1500 करोड़ रुपए रेंट देना पड़ता है। इससे सरकार का कितना खर्च हो रहा है।

कर्तव्य भवन 2019 में शुरू हुई सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है और कॉमन सेंट्रल सेक्रेटरिएट (ष्टस्स्) की 10 में से पहली बिल्डिंग है। कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन सबसे पहले किया गया है। इसे दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर स्थित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर उनके बीच बेहतर कोआर्डिनेशन और कामों में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### मोदी की स्पीच, 6 पॉइंट में

1. **इन्फ्रास्ट्रक्चर** पर क्रांति का महीना अगस्त और 15 अगस्त से पहले ये ऐतिहासिक अवसर है। हम एक के बाद एक आधुनिक भारत के निर्माण से जुड़ी उपलब्धियों के साक्षी बन रहे हैं। दिल्ली में कर्तव्य पथ, नया संसद भवन, रक्षा भवन, भारत मंडपम, यशो भूमि, नेशनल वॉर ममोरियल, सुभाष चंद्र की प्रतिमा, ये केवल कुछ नए भवन और सामान्य इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। कर्तव्य पथ भवन ये नाम हमारे लोकतंत्र की हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष करते हैं।
2. **बिल्डिंग** रिनोवेशन पर आजादी के बाद देश की एडमिनिस्ट्रेटिव उन बिल्डिंग से चलाई गईं जो अंग्रेजों के समय में बनी है। होम मिनिस्ट्री करीब 100 साल से एक ही बिल्डिंग में चल रही थी। अलग अलग मंत्रालय दिल्ली के 50 अलग अलग जगहों से चल रहे हैं। कुछ मंत्रालय किराए की बिल्डिंग में हैं। किराए में डेढ़ हजार करोड़ रुपए जाते हैं। काम की वजह से कर्मचारियों का आना जाना होता है। रोज 8-10 हजार कर्मचारी एक से दूसरे मंत्रालय आना जाना पड़ता है। इसमें भी समय खराब होता है। इससे काम में असर पड़ता है।
3. **आधुनिक** भारत पर 21वीं सदी के भारत को 21वीं सदी की आधुनिक व्यवस्था और इमारतें चाहिए। ऐसी बिल्डिंग जो टेक्नोलाजी और सुविधा के हिसाब से बेहतरीन हों। इसलिए कर्तव्य भवन जैसी विशाल इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसी ही कई इमारतें बनाई जाएंगी। ताकि कर्मचारियों को सही वर्क एनवायरमेंट मिलेगा।
4. **गुड गवर्नेंस** और डेवलपमेंट पर अगर दिल्ली में संसद की नई इमारत बनी है तो देश में 30 हजार से ज्यादा पंचायत भवन बने हैं। भारत मंडपम बना तो 1300 से ज्यादा अमृत भारत रेलवे स्टेशन भी बनाए गए। कर्तव्य भवन भारत के वैश्विक विजन का प्रतीक है। कर्तव्य भवन जैसे आधुनिक इमारतों में भी रूफ सोलर लगाए गए हैं, ग्रीन बिल्डिंग का विजन भारत में विस्तार ले रहा है। गुड गवर्नेंस और विकास की धारा रिफॉर्म्स की गंगोत्री से निकलती है।
5. **करप्शन** पर भारत में सरकारी योजनाओं की डिलिवरी को ट्रांसपेरेंट बनाया गया है। पहले की सरकारें 10 करोड़ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे भेज रही थीं जिनका जन्म ही नहीं हुआ था। ये पैसे बिचौलिए खा रहे थे। इसे बंद किया गया। जिससे 4 .20 लाख करोड़ रुपए की चोरी रुक गई। अब ये पैसा देश के काम आ रहा है। सिर्फ करप्शन और लीकेज ही नहीं अनावश्यक नियम कानून देश हित में बाधा थे। हमने 1500 से ज्यादा पुराने कानून समाप्त किए कई कानून अंग्रेजों के जमाने थे जो रोड़ा बने थे।
6. **गवर्नेंस** वर्क कल्चर पर पहले कितने विभागों और मंत्रालयों में जिम्मेदारी की ओवरलेपिंग होती थी जिससे डिसीजन लटक जाते थे। इसके लिए मंत्रालय मर्ज किए गए और जहां जरूरत थी नए मंत्रालय बनाए गए। सरकार के वर्क कल्चर को अपग्रेड करने के लिए काम किया जा रहा है। मिशन कर्मयोगी के जरिए कर्मचारियों को ट्रेंड किया जा रहा है।

# हिमाचल- किन्नौर में बाढ़ से 2 श्रद्धालुओं की मौत

## किन्नर कैलाश यात्रा रुकी, आईटीबीपी ने 413 तीर्थयात्रियों को बचाया; उत्तराखंड के पौड़ी में बादल फटा


बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ ( एजेंसी )।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार रात से जारी भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। किन्नौर जिले में सालाना होने वाली किन्नर कैलाश यात्रा पर गए दो श्रद्धालुओं की बाढ़ में बहने से मौत हो गई। अचानक आई बाढ़ से यात्रा रूट पर दो पुल भी बह गए। बाकी का रास्ता भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण यात्रा रोक दी गई है। कई श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की टीम ने जिपलाइन की मदद से 413 तीर्थयात्रियों को बचाया है। मंगलवार रात चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर भी लैंडस्लाइड हुई। सड़कों पर बड़ी-बड़ी चट्टान गिरने से राज्य में 500 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। शिमला, मंडी, सोलन और कुल्लू जिले में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

उत्तराखंड में बुधवार को भी भारी बारिश जारी है। पौड़ी जिले में बादल फटा है। यहां के बुरांसी गांव में मलबा गिरने से दो महिलाएं दब गईं। इनमें से एक महिला का शव बरामद हो चुका है, जबकि दूसरी की तलाश जारी है। वहीं, बाकुंडा गांव में भी बादल फटा, जहां 5 नेपाली मजदूरों के बहने की सूचना है।

इससे पहले धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने से भारी तबाही मच गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। कर्णप्रयाग में पहाड़ ढहने से बद्रीनाथ नेशनल हाईवे बंद हो गया। हरिद्वार-देहरादून रेल पर चट्टान गिरने से रेलों की आवाजाही बंद कर दी गई है।

# सीजेआई बोले-11 अगस्त से मेरी अदालत में अर्जेंट सुनवाई नहीं

## सीनियर वकीलों को मनाही; जूनियर वकील अर्जी दाखिल कर सकते हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि 11 अगस्त से उनकी अदालत में सीनियर वकील अर्जेंट सुनवाई की मांग नहीं कर सकते। हालांकि जूनियर वकीलों को इससे छूट दी गई है। गवई ने कहा- कम से कम मेरी अदालत में तो इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बाकी जस्टिस को भी इस प्रथा को अपनाना चाहिए। आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में अर्जेंसी का हवाला देकर जस्टिस के सामले केस की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं।

इससे पहले से लिस्टेड मामले छूट जाते हैं। सीजेआई गवई ने दोबारा शुरू करवाई थी यह परंपरा 14 मई को शपथ लेने के बाद सीजेआई गवई ने वकीलों की तरफ से अर्जेंट सुनवाई के लिए मौखिक जानकारी देने की प्रथा को फिर शुरू कर दिया था। जबकि उनसे पहले जस्टिस संजीव खन्ना ने इसे बंद करवा दिया था। जस्टिस खन्ना के कार्यकाल में वकीलों को मौखिक जानकारी के बजाए ईमेल या लिखित में जानकारी देनी होती थी।



### जस्टिस गवई ने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया

जस्टिस गवई का 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्म हुआ था। उन्होंने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की। इससे पहले उन्होंने पूर्व एडवोकेट जनरल और हाईकोर्ट जज स्वर्गीय राजा एस भोंसले के साथ काम किया।

1987 से 1990 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में वकालत की। अगस्त 1992 से जुलाई 1993 तक बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में सहायक सरकारी वकील और एडिशनल पब्लिक प्रॉसीक्यूटर के रूप में नियुक्त हुए। 14 नवंबर 2003 को बॉम्बे हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में प्रमोट हुए। 12 नवंबर 2005 को बॉम्बे हाईकोर्ट के परमानेंट जज बने।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# दिलों से लेकर दीवारों तक उकेरे जा रहे देश भक्ति के रंग



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से जयपुर जिले में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने एवं आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में शहर से लेकर कस्बों एवं गांवों तक तिरंगा रैली, तिरंगा वाल पेंटिंग, जागरुकता रैली, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी अभियान के सफल आयोजन के लिए निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अभियान के तहत जिले के समस्त राजकीय विद्यालयों में दीवारों पर तिरंगे की चित्रकारी, प्रभात फेरी-तिरंगा रंगोली, मण्डना, राखी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन, तिरंगा रैली, मेला और संगोष्ठी के आयोजन के साथ-साथ जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की जा रही है।

वहीं, हर घर तिरंगा अभियान के तहत 6 अगस्त से 8 अगस्त तक राजीविका जयपुर स्वयं सहायता समूह द्वारा जिला कलेक्ट्रेट परिसर में स्टॉल लगायी गयी है। जिसमें

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से 'हर घर तिरंगा अभियान' का हो रहा आयोजन
- जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी कर रहे हर घर तिरंगा अभियान की मॉनिटरिंग
- अभियान के तहत संपूर्ण जिले में कार्यक्रमों के जरिये दिया जा रहा देशभक्ति का संदेश
- वॉल पेंटिंग, जागरुकता रैली, रंगोली प्रतियोगिताओं के सहित हो रहे विभिन्न आयोजन
- अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में राजीविका की ओर से लगाई गई स्टॉल

ग्रामीण राजीविका स्वयं सहायता समूह महिलाओं द्वारा हाथों से बनाये हुये विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट जैसे जोबनेर से बाजरे से बने हुये बिस्किट आमेर एवं चाकसू ब्लॉक से राखी कोटखावदा ब्लॉक से हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट इत्यादि की प्रदर्शित की गई। इस महोत्सव में जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा ने भी महिलाओं को आजीविका संवर्धन हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित किया। साथ ही राजीविका से जिला परियोजना प्रबंधक अनुपमा सक्सेना एवं जिला प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति का पर्यावरण के प्रति संरक्षण का संदेश

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा द्वारा बुधवार को उपखंड मुख्यालय पावटा में एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पावटा तहसीलदार संजय खेदड़ एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश सैनी ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसकी महत्ता को बढ़ाया। कार्यक्रम में भाजपा जयपुर देहात के कोषाध्यक्ष विमल गर्ग तथा वरिष्ठ एडवोकेट हजारी लाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षाविद गजानंद टीलावत, वरिष्ठ एडवोकेट दिलीप सिंह शेखावत, एडवोकेट लोकेश शर्मा, समाजसेवी कैलाश चंद शर्मा, एडवोकेट बीएल आर्य, एडवोकेट राजेंद्र जाट ने भी पौधारोपण में भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक व सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने कहा कि यह अभियान जन सहयोग से निरंतर चलाया जा रहा है और लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर एडवोकेट मुकेश स्वामी, अनिल कुमार यादव, निर्मल कुमार आर्य, अशोक सिंह गुर्जर, राम किशन बलाई, दिलीप सिंह यादव, रघुवीर स्वामी, बुधराम यादव, दिनेश दायमा, लाला राम जाट एवं किशोरी लाल यादव उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को वितरित किए गए कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं अधिगम सामग्री

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** समग्र शिक्षा, चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं के लिए एक कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चित्तौड़गढ़ के सभागार में बुधवार को आयोजित किया गया, जिसमें जिला कलक्टर आलोक रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले के 104 विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं अधिगम सामग्री वितरित की गई। वितरण की गई सामग्रियों में 16 ट्राईसाइकिल, 17 व्हीलचेयर, 8 सीपी चेयर, 2 रोलेटर, 2 सुगम केन और 48 अधिगम सामग्री किट शामिल थीं। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि इन उपकरणों से बच्चों की शिक्षा सुलभ होगी और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने सफल दिव्यांगजनों की प्रेरक कहानियाँ साझा कर बच्चों और अभिभावकों का उत्साहवर्धन किया।

## अरिहंत परमात्मा भले हमसे दूर है, उनके नेटवर्क से आप जुड़ गए तो उनका पावर हमें जरुर मिलेगाः आचार्य ज्ञानेश

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** न्यू भूपालपुरा स्थित अरिहंत भवन में विराजमान आचार्य प्रवर ज्ञानचंद्र महाराज ने आज के धर्म सभा में नौ दिवसीय णमोत्थानम धर्म जाप साधना शिविर के दूसरे दिन कहा कि जिस नोट पर गर्वनर के हस्ताक्षर होते है, उसी की कीमत है'। भले वह कागज का टुकड़ा तोड़ दो, मरोड़ दो, गंदा करने तब भी उसकी कीमत कम नहीं होती। उसी तरह आपकी आत्मा का पतन नही हो सकता। हमारा पेपर बहुत कुछ चीजों से लिखकर भरी हुआ है, उसमें हस्ताक्षर की भी जगह नहीं बचाई है। इसलिए कागज साफ रखो ताकि हस्ताक्षर की जगह के हस्ताक्षर हो सके।.

आचार्य ने कहा कि तुम्हारे शरीर में बीमारी आ जाए तो सोचो आत्मा अमर है,अन्तर्मुखी बन गए तो बाहर के रोग सतायेंगे नहीं। पैसा चला गया तो भी अंदर में आ जाओ। सोचो ये तो है ही जाने वाला। लक्ष्मी तो होती ही चंचल है। पैसा कौन खाता है। खानी तो रोटी ही है।

नजर बदल दीजिए नजारे बदल जाएंगे। सोच बदल दीजिए किस्मत के सितारे बदल जाएंगे'।

आचार्य भगवन् ने बताया-आपका नाम अमर कैसे रहता है। जो नाम धर्म स्थानों, संस्थाओं में लग गया वो नाम हटता नहीं है। घर के आगे लगे नेम प्लेट को आपके जाते ही बेटे हटा देंगे। इसलिए नाम वहां लगाने के भाव जगाओ जहां लगाने में इस भव पर भव दोनों में उस नाम का प्रभाव हो।

## रोटरी क्लब दष्टि ने बच्चों के साथ मनाया रक्षाबन्धन त्यौहार

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ़ उदयपुर दृष्टि ने डबोक स्थित ब्लॉसम पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। क्लब के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह कृष्णावत, सलाहकार डॉ. स्वीटी छाबड़ा, श्रीमती अमृता दहिया और परविंदर सिंह (ब्लॉसम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या एवं निदेशक) की उपस्थिति में यह त्यौहार मनाया गया। छात्राओं शिल्पी, किंजल, खुशी, पायल, दृष्टा, गरिमा, डोयल और तरन ने इस त्यौहार के महत्व और इतिहास पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इस कार्यक्रम में एक सार्थक वृक्षारोपण समारोह भी शामिल था, जिससे पर्यावरण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को बढ़ावा मिला।

## सदर थाना पुलिस नेअवैध देशी शराब बेचते हुए एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामलों के आरोपी को अवैध देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से देशी शराब के 63 पव्वे बरामद किए गए हैं।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया-आरोपी खरेटा निवासी जसमत के खिलाफ सदर थाने में पहले से ही चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने एएसआई रजन लाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था।

## धीरवास बड़ा में स्टेट हाइवे पर सरसों से भरा ट्रोला पलटा सड़क में घुमावदार मोड़ से आए दिन होते रहते है हादसे

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** नवनिर्मित नोहर चुरु स्टेट हाइवे 36 पर स्थित गाँव धीरवास बड़ा में रात्रि को सरसों से भरा लोडिंग ट्रोला पलटी मार गया जिससे ट्रोले में भरी सरसों की बोरिया सड़क पर बिखर गई। लेकिन गनीमत रही कि जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार रात्रि करीबन एक बजे स्टेट हाइवे 36 पर साहवा की तरफ से आ रहा सरसों की बोरियो से लोडिंग ट्रोला धीरवास बड़ा में सरकारी अस्पताल के सामने घुमावदार मोड़ पर अचानक बेकाबू होकर पलटी मार गया जिससे ट्रोले में भरी सरसों की बोरिया सड़क पर बिखर गई। गनिमत रही कि कोई जानमाल का नहीं हुआ। सड़क के किनारे कच्चा रास्ता होने के कारण खेतों में जाने वाले ऊंटगाड़ी और दिनभर अस्पताल में आने वाले लोगो का यहां आवागमन रहता है जिससे सड़क पर कभी भी दुर्घटना के समय यहां से गुजरने वालो

के साथ कभी भी अनहोनी घटना का डर बना रहता है। उल्लेखनीय है कि स्टेट हाइवे 36 पर गाँव धीरवास बड़ा में दोनों तरफ घुमावदार मोड़ होने के कारण आए दिन छोटे बड़े वाहन दुर्घटना के शिकार होते रहते है। जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को हर समय खतरे का भय बना रहता है। गाँव के लोगों का कहना है कि स्टेट हाइवे सड़क पर मोड़ के बड़े संकेतांक बोर्ड और स्पीड ब्रेकर नहीं होने कारण वाहन चालकों को रात्रि के समय अचानक मोड़ का पता नहीं चलता और वाहन बेकाबू होकर दुर्घटना का शिकार हो जाते है। गाँव से गुजरने वाली उक्त स्टेट हाइवे सड़क पर तारानगर और साहवा दोनों साइड में खतरनाक घुमावदार मोड़ है जिसके चलते यहां आए दिन हादसे होते रहते है। ऐसे में स्टेट हाइवे सड़क पर मोड़ के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर और बड़े संकेतांक बोर्ड लगाया जाकर दुर्घटना पर कुछ हद तक नियंत्रण किया जा सकता है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सड़क में मोड़ को कम किया जाकर सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकता है।

# अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्त

## न्यायाधीश के आश्वासन के बाद कार्य बहाल

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** भाबरू थाना क्षेत्र के प्रकरणों की सुनवाई पावटा से हटाकर न्यायिक मजिस्ट्रेट विराटनगर के अधीन किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं, स्टाम्प विक्रेताओं, डीड राइटर्स और दुकानदारों ने मंगलवार को पेन डाऊन हड़ताल शुरू की थी। इस हड़ताल के दौरान अधिवक्ता संघ पावटा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटपूतली से वार्ता की। न्यायाधीश द्वारा जल्द समस्याओं के समाधान के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया और सभी कार्य पहले की भांति सुचारू कर दिए गये। अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी ने विष्णु कुमार शर्मा, दिलीप सिंह शेखावत, लोकेश शर्मा, मुकेश स्वामी, नरेश यादव, बीएल आर्य, रतिराम मीणा, गौरव शर्मा, राजेंद्र चौधरी, कमलकांत शर्मा, किशोर यादव, मेहरसिंह चौधरी सहित सभी अधिवक्ताओं, स्टाम्प पेपर विक्रेताओं और दुकानदारों का धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विधायक हरलाल सहारण ने अतिवृष्टि से नुकसान का लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**चूरू/साहवा ( कृष्ण कुमार )।** चूरू विधायक हरलाल सहारण ने बुधवार को जिले के लालासर बणीरोतान में अतिवृष्टि से मकान, चारदीवारी के नुकसान का जायजा लिया। विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार भार्गव ने बताया कि विधायक सहारण ने अतिवृष्टि से आहत व्यक्तियों से व्यक्तिगत रूबरू होकर मौका निरीक्षण किया व तहसीलदार अशोक गोरा व विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता दिलवाने तथा जिन्हें पूर्व में आवास सहायता नहीं दी गई उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास निर्माण करवाने की बात कही। उन्होंने बताया कि पटवारी अनिल शर्मा एवं ग्राम विकास अधिकारी विकास कुमार मीणा ने मकान गिरने से हुए नुकसान की सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत की। विधायक सहारण ने अतिवृष्टि के कारण हुई क्षति के लिए राज्य सरकार से सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया।

## रोटरी क्लब उदयपुर उद्यम द्वारा वृक्षारोपण अभियान-प्लान्ट फॉर द प्लेनेट का दूसरा चरण सम्पन्न




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उद्यम द्वारा आज सब सिटी सेन्टर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी गार्डन में 'हरित अशोक' परियोजना के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन वैभव शर्मा ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य पाँच चरणों में कुल 1000 पौधे लगाना है।

कार्यक्रम संयोजक एवं क्लब सचिव रोटेरियन जूली मरमट ने बताया कि इस चरण में कुल 70 नए फूलदार एवं फलदार पौधे लगाए गए। साथ ही, प्रथम चरण में रोपित पौधों की जल-सिंचाई व देखरेख भी की गई।

क्लब कोषाध्यक्ष रोटेरियन देवेंद्र चौधरी ने बताया कि रोटरी सदस्य सर्बिक दास कश्यप ने अकेले ही 15 विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। साथ ही, रोटरी क्लब मीरा से सोनाली जी की सहभागिता रही। इसके अतिरिक्त, शिव योग फोरम के सदस्यों ने भी इस चरण में सक्रिय सहभागिता निभाई, जिससे इस अभियान में सामूहिकता और सहयोग की भावना को और अधिक बल मिला।

## सावन माह की पुत्रदा एकादशी पर श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में खाटू श्याम के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सावन माह की पुत्रदा एकादशी पर श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में खाटू श्याम के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रही सुबह मंगला आरती से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया पुत्रदा एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम का पंडित कृष्णानंद शास्त्री पंडित दीपक पंडित संदीप तिवारी अमन पंडित मनीष जोशी मोहित संघई ने विशेष श्रृंगार किया गया। खाटूश्याम बाबा को रंग-बिरंगी पगड़ी पहनाई गई। रजनीगंधा, गुलाब और गेंदा जैसे पुष्पों की मालाओं से उनका मनमोहक श्रृंगार किया गया।इस अवसर पर मोहन नगर क्षेत्र की सभी सड़कों पर श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु हाथों में गुलाब के फूल और पूजा की थाली लेकर मंदिर पहुंचे। उन्होंने पूरी आस्था और विश्वास के साथ श्याम बाबा के दर्शन कर खुशहाली की कामना की।मंदिर परिसर में खचाखच भीड़ रही। मंदिर के आसपास फूल, प्रसाद, बच्चों के खिलौने और सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की कईअस्थायी दुकानें सजी थीं। इन दुकानों पर छोटे-छोटे बच्चों ने जमकर खरीदारी की।


## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर सार्थक परिचर्चा संवाद कार्यक्रम आयोजित

### सुभाष चंद्र बोस शिक्षण समूह में आयोजित हुआ संवाद कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में संचालित सुभाष चंद्र बोस शिक्षण समूह में नई शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूर्ण होने पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर आयोजित सार्थक परिचर्चा संवाद कार्यक्रम में संस्था निदेशक डॉ. रणधीर सिंह ढाका द्वारा शिक्षा के बदलते स्वरूप में विज्ञान, तकनीक, कौशल दक्षता व नवाचार पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किताबी ज्ञान के बजाय रोजगार परक ज्ञान की अधिक आवश्यकता है जिस पर नई शिक्षा नीति में अधिक बल दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश भारी एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. पवन नेहरा ने विद्यार्थियों को शिक्षा नीति 2020 की आवश्यकताएँ, विशेषताएँ व उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने नई शिक्षा नीति में हुए आमूल चूल परिवर्तन के बारे में छात्र-छात्राओं से परिचर्चा करते हुए वर्तमान परिदृश्य में अपने एजुकेशन कैरियर में स्किल डेवलपमेंट को अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.पी. बरोड़, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य दयाराम जागिड़ तथा शिक्षण समूह के सभी शिक्षको ने भी अपने-अपने विचार साझा कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सुगमंता को समझाने का सार्थक प्रयास किया। कार्यक्रम में मंच संचालन कर रहे जयमल गोस्वामी ने बताया कि किस प्रकार हमें देश में मौजुद संसाधनों का उपयोग करके नई शिक्षा नीति के माध्यम से राष्ट्र का नव-निर्माण करना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. भारी और पवन नेहरा का संस्था निदेशक डॉ. ढाका ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य देवीलाल गोस्वामी ,राकेश सैनी ,नरेश सहारण, गजेश नाई, शंभुदयाल ,कृष्ण गोस्वामी,दिनेश बड़ेटीया, कैलाश , दिनेश कस्वां, राहुल शर्मा, पूर्णमल जांगिड़, अजय छींपा उपस्थित रहे।

## राजस्थान में रोडवेज बस किराये में वृद्धि और निशुल्क यात्रा की घोषणा



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड ने हाल ही में दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। पहली, रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश भर में महिलाओं और बालिकाओं के लिए निशुल्क बस यात्रा की घोषणा की गई है, जबकि दूसरी ओर रोडवेज बसों के किराये में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है जो 5 अगस्त की रात 12 बजे से लागू हो गई है। निशुल्क बस यात्रा 9 और 10 अगस्त को दो दिनों तक महिलाओं और बालिकाओं के लिए उपलब्ध होगी, जिससे लगभग 8.5 लाख महिलाओं और बालिकाओं को लाभ मिलने की संभावना है और निगम पर करीब 14 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आएगा। इस वृद्धि के विरोध में पावटा ब्लॉक कांग्रेस संगठन महामंत्री अजय सैनी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि एक तरफ सरकार महिलाओं को रक्षाबंधन का उपहार दे रही है, वहीं दूसरी तरफ किराये में वृद्धि कर आम जनता की जेब पर बोझ बढ़ा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# हरियालो राजस्थान अभियान : जन्मदिन पर पौधा लगाकर 3 वर्ष तक मां की तरह उस पौधे की देखभाल करें : प्रभारी मंत्री संजय शर्मा

## प्रभारी मंत्री ने करड़ व नीमकाथाना में किया पौधारोपण, करड़ में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लगाए 1111 पौधे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** उगम संस्थान राजस्थान द्वारा सीकर जिले के दांतारामगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के करड गांव में आयोजित हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत 1111 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री संजय शर्मा ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया।

शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर राजस्थान में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। पिछले वर्ष 3 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाए गए, जिन्हें जनता ने भारत सरकार के पोर्टल पर फोटो के साथ अपलोड किया। इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है, साथ ही, अब तक 8 करोड़ 11 लाख पौधों का रोपण हो चुका है, जिनकी फोटो हरियालो राजस्थान के ऐप पर अपलोड की गई हैं।



जिले के प्रभारी मंत्री ने सभी से अपने जन्मदिन पर पौधे लगाने और 3 वर्ष तक उनकी देखभाल करने का आह्वान किया ताकि भावी पीढ़ियों को प्राकृतिक संरक्षण की सौगात मिल सके। उन्होंने कहा कि आज दो पौधे विद्यालय में लगाये गये है उनका जन्म दिन 6 अगस्त 2026 को मनाया जायेगा, जिसमें मैं स्वयं शामिल रहूंगा। उन्होंने जल संरक्षण एवं पौधारोपण करने की उपस्थितजनों को संकल्प दिलवाया। उन्होंने ग्राम पंचायत परिसर एवं प्राथमिक चिकित्सालय में भी पौधे लगाये तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण व अधिकाधिक पौधारोपण करने की शपथ दिलवाई।

शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भूमि दान करने वाले भामाशाह स्वर्गीय मोहन लाल सोनी के परिजनों का सम्मान किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जलवायु संतुलन और भविष्य की पीढ़ियों के लिए वृक्षारोपण आवश्यक हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में हरियालों राजस्थान अभियान के तहत यह पहल जारी है।


### प्रभारी मंत्री शर्मा ने नीमकाथाना में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम में की शिरकत

जिले के प्रभारी मंत्री श्री संजय शर्मा बुधवार को नीमकाथाना दौरे पर रहें। इस दौरान उन्होंने सिरोही नदी के पास नर्सरी में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिरकत की। प्रभारी मंत्री एवं सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह बाजोर ने वृक्षारोपण किया। शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका वृक्ष की हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरा विश्व भुगत रहा है। तापमान और बारिश की असमानता अधिक हो रही है। जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार राज्य सरकार को भारत सरकार से 3 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य मिला था जिसकी पालना में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने हम सब के समक्ष गत वर्ष जो 7 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था उसके विरुद्ध सभी सरकारी विभाग, सामाजिक संगठनों, भामाशाहों और आमजन के सहयोग से गत वर्ष 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाकर देश में एक अनोखा स्थान बनाया गया।

# पाठ्य पुस्तकों में दी जा रही गलत जानकारियां-घुमरिया

## एनसीईआरटी 8वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक पर सवालिया निशान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष केसी घुमरिया ने कहा कि एनसीईआरटी 8वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की किताब में मराठा साम्राज्य का नक्शा ऐतिहासिक रूप से बिल्कुल गलत है। नक्शे में पूरे राजस्थान पर मराठाओं का राज दर्शाया गया है, जो कभी हुआ ही नहीं था, मराठा कभी राजस्थान में घुस नहीं पाए थे। घुमरिया ने यहां एक बयान में कहा-भाजपा मानसिकता से प्रभावित लोगों ने राजस्थान के वीर इतिहास को गलत साबित करने की साजिश की है। यह इतिहास एनसीईआरटी की न्यू एडिशन-जुलाई 2025 में जोड़ा गया है, केंद्र सरकार तुरंत इसका संज्ञान लेकर इसको तुरंत हटवाए, हम हमारे इतिहास को किसी भी कीमत पर विकृत नहीं होने देंगे।

# जोन-13 में चार बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया पूर्णतः ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में निजी खातेदारी की करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चौमू रेलवे स्टेशन रोड़ के पास जिला जयपुर में करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के, प्लाटों की बाउन्ड्रीवॉल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायतासे ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाही उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबरगार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 245 आज तक कुल 628 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

# वासुदेव देवनानी की केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात

## अजमेर में सडक चौडी करने के लिए बीएसएनएल और डाक घर कार्यालयों से जमीन दिलाने पर सकारात्मक चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से शिष्टाचार भेंट की।

देवनानी ने सिंधिया को नसिया से आगरा गेट तक सडक की चौडाई बढाये जाने के लिए वहां स्थित भारत संचार निगम लिमिटेड और डाक घर कार्यालयों से जमीन दिये जाने की आवश्यकता बताई। देवनानी की सिंधिया से इस संबंध में चर्चा सकारात्मक रही। सिंधिया ने देवनानी को इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिये आश्वस्त किया।

सिंधिया ने राजस्थान में डिजिटल समावेशन के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन के तहत राजस्थान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य के जन-जन तक सुगम और सशक्त डिजिटल सेवाएँ पहुँचाने के लिए मंत्रालय आवश्यक कदम उठाएगा।

# छात्र परिषद् के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2, जयपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र परिषद् का शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 06 अगस्त 2025 को प्रातः 08.30 बजे विद्यालय परिसर में अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार टेलर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्कूल कैप्टन (बालक) अनुज , स्कूल कैप्टन (बालिका) श्रुति एवं अन्य छात्र परिषद पदाधिकारियों को उप-प्रधानाचार्य बी. एस. राठौड़ एवं मुख्याध्यापक बी. एल. धाकड़ के सहयोग से बैज और पट्टिकाएँ प्रदान कर उन्हें पदभार ग्रहण कराया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय ध्वज स्कूल कैप्टन को प्रदान किया, वहीं खेल ध्वज खेल कप्तान को नरेन्द्र कुमार, टीजीटी (शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा) द्वारा सौंपा गया। सभी छात्र पदाधिकारियों को उनके उत्तरदायित्व चिन्ह रूप में सैश (पट्टी) व बैज से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की चारों हाउस - शिवाजी, टैगोर, अशोक व रमन - के छात्र प्रतिनिधि मंच पर पहुंचे। उनके हाउस मास्टर एवं सह-अध्यापकगण ने उन्हें हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन आदि के बैज एवं सैश प्रदान किए तथा

# राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का प्रांतव्यापी आंदोलन जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री के नाम 26 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) द्वारा शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर चलाए जा रहे प्रांतव्यापी आंदोलन के अंतर्गत आज कोटपुतली-बहरोड़ जिले में जिला कलेक्टर महोदया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह प्रदर्शन प्रदेशभर में एक साथ आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्येक जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय पर शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की ज्ञापन में बताया गया है कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा पूर्व में संगठन को शिक्षकों की मांगों पर विस्तृत वार्ता का लिखित आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसे वादा खिलाफी मानते हुए संगठन ने आंदोलन की राह पकड़ी है।




संघ की प्रमुख मांगों में स्थानांतरण नीति का निर्माण, तृतीय श्रेणी शिक्षकों की पदोन्नति, सभी केडर की वेतन विसंगतियों को दूर करना, पुरानी पेंशन योजना की पूर्ण बहाली, विद्यालय भवनों का समय पर निरीक्षण, व्यावसायिक शिक्षकों का नियमितीकरण, चार एसीपी लाभ (7, 14, 21, 28 वर्ष पर), कंप्यूटर अनुदेशकों का कैडर रिव्यू, प्रबोधक का पदनाम अध्यापक करना, रविवार को परीक्षा ड्यूटी पर क्षतिपूर्ति अवकाश देना, [illegible] को हार्ड ड्यूटी अलाउंस देना, [illegible] ड्यूटी से मुक्त करना, तथा ग्रामीण भत्ता लागू करना जैसी कुल 26 सूत्रीय माँगें शामिल हैं। आंदोलन के अगले चरण में 24 अगस्त को रामगंजमंडी (कोटा) में शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल शिक्षक रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर के शिक्षक भाग लेंगे और सरकार की वादा खिलाफी के विरुद्ध अपना आक्रोश प्रकट करेंगे।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र यादव ने जिले के सभी शिक्षकों से आंदोलन मेंभागीदारी की अपील की। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रदेश संरक्षक लक्ष्मी नारायण स्वामी, प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी (संस्कृत शिक्षा), उपशाखा अध्यक्ष राजपाल शर्मा (बानसूर)विजय कुमार सैनी (कोटपुतली), अमीचंद स्वामी (पावटा),विजय प्रकाश व्यास (विराटनगर), जिला मंत्री विक्रम सिंह,महिला मंत्री गीता मीणा,अनीता बाई, राम सिंह यादव,अनिल कुमार बासनीवाल,विक्रम सिंह दोचानिया,राजकुमार सैनी,सुरेंद्र कुमार सैनी और संदीप कुमार जांगिड़ सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# सरुंड टोल प्लाजा के पास सोता नदी में मलबा डालने के मामले में सड़क निर्माण कंपनी दोषी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार सेहरा ने सोता नदी में वेस्ट मलबा डंपिंग के मामले में सड़क निर्माण कंपनी को दोषी पाया है। यह घटना सरुंड टोल प्लाजा के पास हुई थी, जिसके बाद सेहरा ने इस गंभीर पर्यावरणीय उल्लंघन पर तुरंत संज्ञान लिया।

### अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश

क्षेत्रीय अधिकारी सेहरा ने इस मामले में कठोर कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने RSRDC के परियोजना निदेशक और वाटरशेड विभाग को दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने को कहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आज ही इन विभागों को पत्र भेजकर मामले की जानकारी दी है।

### पर्यावरण प्रेमी ने दी एनजीटी जाने की चेतावनी

इस मामले को उठाने वाले पर्यावरण प्रेमी राधेश्याम शुक्लावास ने प्रशासन के रवैये पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन, एसडीएम, तहसीलदार और स्टेट हाईवे विभाग इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाते हैं, तो वे नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में याचिका दायर करेंगे। शुक्लावास ने यह भी कहा कि उनका संघर्ष पर्यावरण संरक्षण और अवैध खनन के खिलाफ जारी रहेगा, ताकि आम जनता के स्वास्थ्य और जीवन से कोई खिलवाड़ न हो।

# 9 अगस्त से भरेगा गोगामेड़ी मेला : श्रद्धालुओं के लिए रैन बसेरों से लेकर सुरक्षा तक हर पहलू पर फोकस

## सीसीटीवी और शौचालयों की विशेष व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्री गोगाजी गोगामेड़ी मेले का शुभारंभ इस वर्ष भाद्रपद पूर्णिमा के अवसर पर 9 अगस्त को प्रातः 9:30 बजे ध्वजारोहण के साथ होगा। यह ऐतिहासिक मेला एक माह तक चलेगा और 8 सितंबर को विसर्जन के साथ संपन्न होगा।

उत्तर भारत के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में शुमार में इस बार 30 से 35 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में जिला प्रशासन और देवस्थान विभाग द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु इस बार लगभग 3000 लोगों की क्षमता वाले निःशुल्क रैन बसेरों का निर्माण किया गया है। इन रैन बसेरों में बिजली, पंखे, कूलर, पेयजल, विस्तर और स्वच्छ शौचालयों की समुचित व्यवस्था रहेगी। मेले में हर शाम 7 बजे से 10 बजे तक लेजर लाइट और साउंड शो का आयोजन होगा, वहीं 30 और 31 अगस्त को पर्यटन एवं देवस्थान विभाग की ओर से भव्य सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी जिसमें देशभर से आए कलाकार प्रस्तुति देंगे।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पूरे मेला क्षेत्र एवं पार्किंग स्थल सहित अन्य स्थानों पर कुल 250 उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मंदिर परिसर में स्थाई बैरिकेडिंग की गई है, वहीं अस्थाई बैरिकेडिंग में भी शौचालय, पेयजल और हवा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

धूप और बारिश से बचाव हेतु टॉवर टेंट लगाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिग—जैग बैरिकेडिंग से दर्शन व्यवस्था को और सुगम बनाया गया है।

मेले के दौरान आरती का समय निर्धारित किया गया है। प्रभात आरती सुबह 4.30 से 5.30, राजभोग आरती सुबह 10.15 बजे, संध्या आरती शाम 6.30 से 7.30 तथा शयन आरती रात 9 बजे होगी।

गोगामेड़ी सड़क मार्ग से बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, गुजरात, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों से सीधे जुड़ा है। निकटतम हवाई अड्डा नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (258 किमी) है। नजदीकी रेलवे स्टेशन हनुमानगढ़ और गोगामेड़ी है।

श्रद्धालुओं के ठहराव हेतु विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं की धर्मशालाए उपलब्ध रहेंगी। इनमें विभिन्न समाजों की धर्मशालाएं और सेवा समितियां शामिल है। इसके अतिरिक्त नोहर रिलीफ सोसायटी, श्री मार्कण्डेय सेवा समिति, गोगाजी सेवा समिति, होटल करणी, बी.एम. होटल, होटल स्वामी और होटल मोती पैलेस जैसे होटल भी व्यवस्था में जुटे हैं।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास, पवाना अहीर में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** पवाना अहीर गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9 से 12 की छात्राओं के प्रवेश की अंतिम तिथि 25 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है।

यह छात्रावास बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। यहां पर छात्राओं को निम्नलिखित सुविधाएं बिल्कुल निःशुल्क प्रदान की जाती हैं-खान-पान और रहने की सुविधा,

### पढ़ाई, फीस, कपड़े और स्टेशनरी,छात्रवृत्ति और स्टाइपेंड

यह छात्रावास विशेष रूप से एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, बीपीएल, अनाथ, दिव्यांग और जरूरतमंद छात्राओं को प्राथमिकता देता है। छात्रावास में प्रवेश के लिए अभी तक 60त्न से ज़्यादा सीटें भर चुकी हैं।

छात्रावास का वातावरण सुरक्षित और हरा-भरा है, जहां सीसीटीवी कैमरे और महिला कर्मचारियों की पूरी टीम है। यहां पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं।

प्रवेश के लिए आवेदन करते समय, छात्राओं और उनके माता-पिता को पासपोर्ट साइज़ फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जनाधार, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और प्राथमिकता श्रेणी के सभी आवश्यक दस्तावेज़ जमा करने होंगे।

# मन इच्छा पूर्ति शिव मंदिर का 8 वा वार्षिक उत्सव पर विशाल भंडारा व रंगारंग कार्यक्रम, 251 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के ढाणी बागवाली में मन इच्छा पूर्ति शिव मंदिर का 8 वा वार्षिक उत्सव धार्मिक उत्साह और भक्ति भावना के साथ एक विशाल भंडारे एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 251 महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

यह कलश यात्रा स्थानीय शिव मंदिर से आरंभ हुई और मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः शिव मंदिर परिसर में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर भगवान शिव का जयघोष करती नजर आईं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।कार्यक्रम के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। स्थानीय कलाकारों ने भक्ति संगीत, लोकनृत्य और अन्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। समाज के लोगों ने ऐसे आयोजन को सामाजिक एकता और धार्मिक चेतना का प्रतीक बताया और भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों की कामना की।



# राईजिंग राजस्थान पर्यटन सेक्टर एमओयूज एक्सेलरेटिंग ग्राउंड ब्रेकिंग निवेशक संवाद

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव पर्यटन कला एवं संस्कृति एवं अध्यक्ष आरटीडीसी श्री राजेश यादव, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़, नगरीय विकास, राजस्व, स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बुधवार को होटल गणगौर में राईजिंग राजस्थान पर्यटन सेक्टर एमओयूज एक्सेलरेटिंग ग्राउंड ब्रेकिंग निवेशक संवाद आयोजन किया गया। 79 एमओयू होल्डर्स की उपस्थिति में राईजिंग राजस्थान में हुए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए निवेशकों के लंबित विषय जैसे भूमि आवंटन, भूमि रूपांतरण, भवन स्वीकृति योजनाओं या अन्य मुद्दों को शीघ्रता से निस्तारण करने हेतु चर्चा की गई। इसके साथ ही टूरिज्म फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा होटल निर्माण की ऋण आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी दी गई।

## सम्पादकीय

# कुदरत का कोहराम

मानसून की दस्तक के साथ ही हिमाचल व उत्तराखंड में दरकते पहाड़ व रौद्र रूप दिखाती नदियां चिंता बढ़ाने वाली हैं। कुदरत के कहर के सामने इंसान बौना ही नजर आता है। तमाम मुख्य नदियां उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें ठप पड़ी हैं। हिमाचल में मूसलाधार बारिश के बीच मलबा व पत्थर गिरने से सैकड़ों सड़कें बंद हो गई हैं। सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहले हम गर्मी से त्रस्त होकर बारिश की आस लगाए होते हैं, लेकिन जब बारिश आती है तो स्थितियां डराने वाली हो जाती हैं। निस्संदेह ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। बारिश कम समय में ज्यादा मात्रा में बरसती है। जिससे न केवल पहाड़ों में कटाव बढ़ जाता है बल्कि पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा गिरकर रास्तों व पानी के प्राकृतिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलसिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं। नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। पहाड़ों के किनारे काटने से भूस्खलन की गति तेज हुई है। गाहे-बगाहे पहाड़ों का मलबा सड़कों पर गिरकर यातायात को अवरुद्ध कर देता है। यात्रियों के जीवन पर हर समय संकट बना रहता है।

हिमाचल की ही तरह से कुदरत के कोहराम से उत्तराखंड भी बुरी तरह त्रस्त है। भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी व पिंडर आदि नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर मलबा गिरने की घटनाएं बढ़ने से यात्रा कुछ समय के लिये स्थगित की गई है। बार-बार भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों के कटने से सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। कई गांवों को जोड़ने वाली सड़कें बह गई हैं। बादल फटने की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री जाने वाले मार्ग जगह-जगह बाधित हैं। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टियां घोषित की गई हैं। सामान्य जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई मोटरमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हुए हैं। कई छोटे पुल बह गए हैं। कई निचले स्थानों से लोगों को हटाया गया है। कुल मिलाकर लाखों लोगों को अतिवृष्टि ने बंधक बना दिया है। निश्चित रूप से तेज बारिश और उसके प्रभाव इंसानी नियंत्रण से बाहर होते हैं। लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी इलाकों में विकास के मॉडल पर



नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। पहाड़ अध्यात्म के केंद्र भी रहे हैं, उन्हें पर्यटकों की विलसिता का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। हमें अपेक्षाकृत नये हिमालयी पहाड़ों और उसके परिस्थितिकीय तंत्र के प्रति संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। ज्यादा मानवीय हस्तक्षेप से ग्लेशियर पिघल रहे हैं और नदियों का बढ़ा जल संकट का कारण भी बन रहा है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 7 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- प्रसिद्ध न्यूटन ने 1668 में ट्रिनीटी कॉलेज कैंब्रिज से मास्टर डिग्री हासिल किया।
- ब्रिटेन म्यूजियम की स्थापना 1753 में पार्लियामेंट एक्ट के तहत की गई।
- उचित वक्ता 1880 को पण्डित दुर्गाप्रसाद मिश्र द्वारा प्रकाशित होने वाला समाचार पत्र था।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1905 में ब्रिटिश वस्तुओं का बहिष्कार किया।
- रूस ने 1914 में पूर्वी परूसिया पर हमला किया।
- 51 फीट लंबाई, 8 फीट ऊंचाई और पांच टन के वजन वाले पहले इलेक्ट्रॉनिक कैलकुलेटर का निर्माण 1944 में हुआ।
- मुंबई नगर निगम को 1947 में बिजली और परिवहन व्यस्था औपचारिक रूप से हस्तांतरित हुई।
- अमेरिका ने 1957 में नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
- लैंसिंग, मिशिगन में 1966 को नस्लभेदी दंगे भड़के।
- गीत सेठी 1985 में विश्व अमेचर बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतने वाले तीसरे भारतीय बने।
- अमेरिका ने 1990 में सऊदी अरब में सेना तैनात कर ऑपरेशन डेजर्ट शील्ड की शुरूआत की।
- इजरायल और जॉर्डन के बीच पहली टेलीफोन सेवा 1994 में शुरु हुई।
- अमेरिकी वैज्ञानिकों द्वारा 13 हज़ार वर्ष पूर्व पृथ्वी पर गिरे उल्का पिंड के अवशेषों से मंगल ग्रह पर एक कोशिका वाले जीवों के होने की संभावना का पता 1996 को चला।
- केन्या एवं तंजानिया की राजधानियों में स्थित अमेरिकी दूतावासों पर 1998 में आतंकवादी हमले में 200 से अधिक लोगों की मृत्यु।
- पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ ने 1999 में एक बार फिर भारत से वार्ता की पेशकश की।
- रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन द्वारा 2000 में एक क़ानून पर हस्ताक्षर कर अपनी शक्ति का विस्तार।
- बगदाद में जार्डन दूतावास के बाहर 2003 में हुए कार बम विस्फोट में 12 लोगों की मृत्यु।
- इस्त्रायल के वित्तमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 2005 में अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- नाइजीरिया के ओकेन में चर्च में तीन बंदूकधारियों ने 2012 में हमला कर 19 लोगों की हत्या की।
- पाकिस्तान के कराची शहर में बाजार में 2013 को हुए बम विस्फोट में 11 लोगों की मौत।

### 7 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- ईसवी को इटली के शायर और लेखक फ़्रैन्सिसको पेटर्क का जन्म 1304 में हुआ।
- प्रख्यात कलाकार तथा साहित्यकार अवनीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म 1871 को हुआ था।
- भारत के प्रसिद्ध विद्वान वासुदेव शरण अग्रवाल का जन्म 1904 को हुआ था।
- प्रसिद्ध भारतीय कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन का जन्म 1925 को हुआ था।
- दक्षिण अफ्रीका की अभिनेत्री चार्लीज थेरोन का जन्म 1975 को हुआ था।

## विशेष आलेख

# बढ़ता शहरीकरण.... बढ़ता वायु प्रदूषण... घटना मानव जीवन...



डॉ नयन प्रकाश गांधी



भारत शहरीकरण की एक नई दिशा में तेजी से बढ़ रहा है, जहां शहरों की चमक-दमक और अवसरों की तलाश में लोग ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर उमड़ रहे हैं। साल 2025 में देश की अनुमानित जनसंख्या लगभग 146 करोड़ है, जिसमें दिल्ली-मेट्रोपोलिटन (लगभग 3.46 करोड़) और संपूर्ण एनसीआर (करीब 7 करोड़) का बड़ा हिस्सा है। हरियाणा में 3.08 करोड़ से अधिक लोग रहते हैं, जिनमें सिर्फ गुरुग्राम की आबादी लगभग 17 लाख के पार पहुँच चुकी है। राजस्थान जैसे बड़े राज्य की आबादी भी 8.5 करोड़ के करीब है, जिनके जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर जैसे शहर आज शहरीकरण और प्रदूषण की नई हदों को छू रहे हैं। यह आंकड़े सिर्फ जनगणना या विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि पर्यावरण पर बढ़ते दबाव और लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर चेतावनी भी हैं ।राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र जिसमें दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम जैसे तेजी से बढ़ते शहर आते हैं—शहरीकरण की अगुवाई में हैं। आबादी का घनत्व, लाखों वाहनों की आवाजाही, अनियंत्रित निर्माण कार्य, और नजदीकी दूर दराज गाव वासियों के मजदूर वर्ग ,रोजगार परक युवाओं के पलायन से इन शहरी केंद्रों पर चौतरफा दबाव है। दिल्ली-ह्ष्टक्रकी वायु गुणवत्ता अक्सर खतरनाक स्तर तक गिर जाती है। रिकॉर्ड बताते हैं कि दिल्ली के कुल वायु प्रदूषण में 40त्न से अधिक योगदान सिर्फ वाहनों का है। वहीं, उद्योग और निर्माण कार्यों से धूल-कणों का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यताओं से पाँच से छः गुना ज़्यादा पार कर जाता है। फरीदाबाद, नोएडा और विशेष तौर पर गुरुग्राम जैसे उच्चस्तरीय शहर भी प्रदूषण के इसी संकट से गुजर रहे हैं ।राजस्थान के शहरी केंद्रों का हाल भी कुछ अलग नहीं है। जयपुर (जनसंख्या लगभग 44 लाख) सहित जोधपुर, अजमेर ,बीकानेर ,कोटा, उदयपुर जैसे नगर तेजी से फैले हैं। पुराने हरे-भरे इलाके और जल स्त्रोत लगातार कंक्रीट के विस्तार में तब्दील होते जा रहे हैं। अंतराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान मुंबई विश्विद्यालय के एलुमनाई डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि जलवायु परिवर्तन, तीव्र औद्योगिकीकरण, और बढ़ती हुई रिहायशी कॉलोनियाँ ,गगनचुंबी इमारतें इन शहरों के पर्यावरण बेलेंस को गहरा आघात पहुँचा रही हैं ।प्रदूषण सिर्फ एक शब्द नहीं,आज हर नागरिक की सांस, जल, मिट्टी और ध्वनि तक को प्रभावित करने वाली समस्या है। प्रदूषण के कारण आज घर के बुजुर्गों की जीवन लीला असमय समाप्त हो रही है ,वहीं कई घर में बुजुर्गों से पूर्व युवा सदस्य ,महिला की असमय उपजे नए नए प्रभारों में उभरे कैंसर ,ब्रेन ट्यूमर,साइलेंट अटैक आदि से मौतें दिनों दिन हो रही है आज हर रोज हर शहर कस्बे में एक न एक मौत का कारण अकस्मात अटैक को ही बताया जाता है ,यह सब मानव द्वारा विभिन्न स्तरों पर फैलाया जा रहा प्रदूषण है ,न की बढ़ती जनसंख्या ।बढ़ती जनसंख्या भारत देश के लिए वरदान है इसलिए हमारी आर्थिक व्यवस्था मजबूत है परंतु व्यवसायिक गतिविधियों द्वारा हो रहे प्रदूषण को कम करने और उसका दुष्प्रभाव खत्म करने के लिए नित नई तकनीक को उपयोग में लेना होगा ,कब प्रदूषण वाले ईंधनों पर सोचना होगा ,पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा देना होगा ताकि व्यतिगत वाहनों के धुएं के प्रदूषण को कम किया जा सके ।वाहनों का अत्यधिक प्रयोग, औद्योगिकीकरण का बेलगाम विस्तार, प्लास्टिक-कूड़े का बढ़ता बोझ और नदियों की सफाई-संकट अपने चरम पर हैं। गौर किया जाए तो अकेले एनसीआर क्षेत्र में वायु, जल और भूमि प्रदूषण सभी मापदंडों पर गंभीर है। दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में हर साल सांस की बीमारियाँ, हृदय संबंधी समस्याएँ, कैंसर और मानसिक तनाव के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं, जिनमें बच्चों और बुजुर्गों की स्थिति सबसे नाजुक है।इन समस्याओं के समाधान के लिए शासन, उद्योग और आम नागरिकों को सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी। सर्वप्रथम, पर्यावरण-शिक्षा को स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक मंचों तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि जनजागरूकता और स्थानीय भागीदारी पैदा हो। शहरीकरण की बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए हरित ऊर्जा जैसे सौर एवं पवन-स्त्रोतों का प्रयोग बढ़ाना ज़रूरी हो गया है। स्मार्ट-पब्लिक ट्रांसपोर्ट, इलेक्ट्रिक व्हीकल, और ट्रैफिक-कंट्रोल जैसे आधुनिक कदम बढ़ाए जाने चाहिएं। सिंगल-यूज प्लास्टिक और ठोस-कचरे पर कानूनी प्रतिबंध, साथ ही पेड़-पौधों का संरक्षण, वृक्षारोपण अभियान और हरित पट्टियों को पुनर्जीवित करना आज की अनिवार्यता है।

साथ ही सभी विकास कार्यों में पर्यावरण-संवर्द्धन को पहली प्राथमिकता देनी होगी। आजकल गाड़िया खरीदना और उसे घर के सामने रखने का ट्रेंड चल गया है ,थोड़ी सी उचित गंतव्य स्थल पर अकेला व्यक्ति दिखावे ,फैशनपरस्ती के चक्कर में नित नई गाड़िया शोक के लिए खरीद रहा है और प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है ही है ,प्राइवेट वाहनों का उपयोग उचित तभी है जब सपरिवार आप जा रहे है अन्यथा पब्लिक या स्पोर्ट व्हीकल का उपयोग करना चाहिए या दुर्गम स्थान जहां उचित हो वहा प्राइवेट व्हीकल का उपयोग करना चाहिए। हालांकि ई व्हीकल वायु प्रदूषण को कम करने में कारगर है ,परंतु अभी इसे किफायती और ड्यूरेबल बनाने में समय है ,तभी भारत का ई व्हीकल मार्केट और तेज गति पकड़ पाएगा ।

# पहाड़ों का सर्वनाश: उत्तराखंड की आखिरी चेतावनी



डॉ. सत्यवान सौरभ

**उत्तरकाशी के थराली में बादल फटने से हुई भीषण तबाही उत्तराखंड के पर्यावरणीय संकट की गंभीर चेतावनी है। विकास के नाम पर हो रही पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई, अवैज्ञानिक निर्माण और बेतरतीब पर्यटन ने पहाड़ों की सहनशीलता को खत्म कर दिया है। जमीन की लूट, संस्कृति का क्षरण और लगातार बढ़ता तापमान, उत्तराखंड को विनाश की ओर धकेल रहे हैं। यह लेख केवल एक त्रासदी का बयान नहीं, बल्कि उस गूंगी प्रकृति की पुकार है जिसे हमने वर्षों से नजरअंदाज किया। अब वक्त है रुकने, सोचने और सुधरने का वरना अगली आपदा आपके दरवाज़े पर होगी।**

उत्तरकाशी के थराली में बादल फटा। चार लोग मारे गए, पचास से अधिक लापता हैं। पूरा का पूरा गांव मिट्टी में मिल गया। पहाड़ एक बार फिर चीख पड़ा है — मगर इस बार उसकी चीख में सिर्फ पीड़ा नहीं, बल्कि आक्रोश है। वर्षों से सहते-सहते अब पहाड़ों ने जवाब देना शुरू कर दिया है। और यह सिर्फ एक प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि हमारी बनाई हुई त्रासदी है। हमने पहाड़ों को छेड़ा, उन्हें काटा, उन्हें चीर दिया — और अब वे टूटने लगे हैं, बिखरने लगे हैं। उत्तराखंड, जिसे देवभूमि कहा जाता था, अब आपदाओं की भूमि बन गया है। बारिश, भूस्खलन, बादल फटना, नदी का रुख बदल जाना अब ये आम हो गया है। हर मानसून एक गांव बहा ले जाता है, हर बरसात किसी के घर उजाड़ जाती है, और हर बारिश एक नई लाश गिनती है। लेकिन इसके बावजूद सरकारें चुप हैं, योजनाएं गूंगी हैं और जनता बेबस।

जिसे हम विकास कहते हैं, दरअसल वह विनाश का दूसरा नाम बन चुका है। पहाड़ों पर सड़कें बनाने के लिए डायनामाइट से विस्फोट किए जाते हैं। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होती है। पूरी की पूरी पर्वत श्रृंखलाएं काटी जाती हैं, ताकि टनल बने, चौड़ी सड़कें बनें, जल परियोजनाएं बनें। लेकिन ये सब किस कीमत पर? प्रकृति की शांति और संतुलन को तोड़कर हम क्या हासिल कर रहे हैं? जो सड़कें सुरक्षा लानी चाहिए थीं, वे अब मौत की राह बन गई हैं। जो टनल सुगमता का वादा करती थीं, वे अब आपदा का द्वार बन चुकी हैं।

पर्यटन के नाम पर उत्तराखंड का जिस तरह से दोहन किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। सैकड़ों गाड़ियाँ, हजारों पर्यटक, प्लास्टिक का पहाड़, ट्रैफिक की कतारें यह सब मिलकर उत्तराखंड के पर्यावरण पर ऐसा बोझ डाल रहे हैं, जिसे अब पहाड़ सह नहीं पा रहे। कभी यहां गर्मियों में पंखा नहीं चलता था, अब अक्टूबर में भी लोग एसी चला रहे हैं। यह सिर्फ जलवायु परिवर्तन नहीं, यह चेतावनी है कि हमने अपनी सीमाएं पार कर दी हैं।


बाहरी लोग भारी संख्या में आकर जमीनें खरीद रहे हैं, घर बना रहे हैं, कॉलोनियां उगा रहे हैं। स्थानीय लोगों की जमीनें औने-पौने दामों में छीनी जा रही हैं। संस्कृति खतरे में है, भाषा गुम हो रही है, और पहचान मिट रही है। उत्तराखंड अब उत्तर-हाउसिंग प्रोजेक्ट बन चुका है। जो भूमि कभी साधु-संतों की थी, अब रियल एस्टेट माफिया की गिरफ्त में है। और सरकारें बस तमाशबीन बनी बैठी हैं।

दिल्ली से उत्तराखंड तक एक्सप्रेसवे बनने वाला है। इस पर कोई गर्व महसूस कर सकता है, लेकिन जो लोग उत्तराखंड की आत्मा को जानते हैं, उन्हें पता है कि यह सड़क उस दरवाजे की आखिरी कड़ी होगी जो शांति की ओर जाता था। यह मार्ग विकास के नाम पर उत्तराखंड की आत्महत्या की कहानी बन जाएगा। अभी तो वीकेंड में ही दिल्ली से हजारों लोग आते हैं, सोचिए जब यह सड़क पूरी होगी और हर दिन लाखों की भीड़ पहाड़ों पर चढ़ेगी — तब क्या बचेगा यहां? विनाश का यह सिलसिला नियमों की कमी से नहीं, नियत की कमी से है। पर्यावरणीय रिपोर्टें बस एक औपचारिकता बन चुकी हैं।

## समझदार कौन?. ऊँच या नीच

बढ़ता राजस्थान

हमारे देश में, हमारे समाज में आज भी ऊँच-नीच का भेद है,चाहे हम कितने भी शिक्षित हो गए हों या फिर कितने भी बटेंगे तो कटेंगे का जुमला चल गया हो लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी ऊँच और नीच की कुप्रथा जारी है। माफ करना मैं स्वयं उच्च कुल से हूं लेकिन आज ये कहते हुए फक हो रहा है कि नीच कुल के लोग हमसे अधिक समझदार थे। भले ही हम शिक्षित अधिक थे लेकिन वो लेकिन व्यवारिक ज्ञान में हमसे अधिक समझदार थे। हम शिक्षित हुए तो ईश्वर की भावनाओं को अपने हिसाब से ढालने लगे लेकिन वे अशिक्षित होकर भी ईश्वर की भावनाओं में ढलते थे। ये कहना सार्थक होगा कि हमारा शिक्षित होना एक अभिशाप बना और उनकी अनपढ़ होना उनके लिए आज वरदान साबित हो हुआ। उसका जीता जागता उदाहरण आज देखने को मिल रहा है। जब हमारे जवान बच्चे( लडके) बिना विवाह के समाज में बूढ़े होते नजर आ रहे हैं। ब्राह्मण,वैश्य और पंजाबी व कायस्थ ये चारों उच्च कुल के माने जाते हैं बाकि कोई ओबीसी तो कोई अन्य जाति में बंधे हुए हैं लेकिन ये चारों की क्रमशः वैश्य, ब्राह्मण,कायस्थ व पंजाबी आज अपनी ही बुद्धि के तर्क के कुर्तक का सामना कर रहे हैं। एक समय बच्चियों को कोख में ही मार डालने वाले लोगों के सामने लडकियों का संकट आन खड़ा हुआ है। ऐसे में औसतन दस लडकों पर एक लडकी और कहीं कहीं तो तीस लडकों पर एक लडकी का मामला नजर आ रहा है। ऐसे में उच्च कुल दिखाकर समाज में वर्चस्व रखने वाले इन उच्चकुल के लोगों के सामने बड़ा सामाजिक संकट खड़ा हो गया है। आज ये लोग बिहार व बंगाल से लडकियों को खरीद कर लाने लगे हैं अब वो किस जाति की है किस प्रकार से उसकी परवरिश हुई है इन बातों से दूर अपने बच्चों का घर बसाने के लिए ऐसे अजीब उपक्रम करना आज इनकी मजबूरी बन गई है। वैश्य समाज का तो बहुत ही बुरा हाल है जहां एक समय शादी से पहले पुत्र की बोली लगाई जाती थी वहीं आज कर्म लौट कर आया है , आज वैश्य समाज में कन्याए नहीं होने के कारण पुत्र के लिए विवाह में दोनों पक्ष का खर्चा करना मजबूरी बन गई है। अब एक अनार और सौ बीमार वाली कहावत पूरी तरह इस समाज



पर चरितार्थ हो रही है इस उच्च कुल के सभ्य सामाजिक लोगों के सामने। बच्चियों को कोख में मार ड़ाला लेकिन नीच कुल वाले असभ्य सही अशिक्षित सही लेकिन ईश्वर के इस विधान को अपने आगे नहीं थोपा और उसकी सत्ता को माना इसलिए देखिए आज नीच जाति के लोगों के लडके व लडकियों का औसत लगभग बराबर सा है। गलती किसी की नहीं बस अंतर इतना सा है प्यारे ,जब बबूल का पेड़ लगाया है तो कांटे तो कर्म बनकर सामने आऐंगे ही।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,अलवर**

## Today — Suduko

बढ़ता राजस्थान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | 2 | 7 | |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | 8 | 2 | | 7 | 5 | |
| | 1 | | | | | 6 | | 3 |
| | | | | 6 | 9 | | 8 | 2 |
| | 6 | 2 | | 8 | | | | 4 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | | | | | |
| | | 4 | | | 6 | | 2 | 9 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 2 | 6 | 7 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 | 5 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

### वृष

पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

### मिथुन

शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। मान-

### कर्क

पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

### सिंह

उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

### कन्या

लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

### तुला

मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें।

### वृश्चिक

स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### धनु

परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा

### मकर

शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं।

### कुंभ

वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।


### मीन

नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

तीन पंपसेट लगाकर निकाला पानी

# कुंए में गिरने से 27 वर्षीय किसान की मौत,कुंआ 140 फीट गहरा था

## एसडीआरएफ टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे बाद कुए से बाहर निकाला शव



बढ़ता राजस्थान

**निवाइ ( का.स. )।** गांव खणदेवत में कुंए में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। घटना की सूचना पर निवाई थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि कृषि कार्य के दौरान सांवरा (27) पुत्र छोटू बैरवा निवासी खणदेवत बुधवार को सुबह करीब सवा 7 बजे कुए पर गया था जिसके दौरान उसका अचानक संतुलन खराब हो गया और वह कुंए में गिर गया था। जिससे उसकी मौत हो गई। कुंआ करीब 140 फीट गहरा था जिसमें अधिक पानी भरा हुआ था। शव को तलाश करने के लिए तीन पंप सेट लगवाकर कुंए से पानी निकालवाने की कार्यवाही की गई। लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाकर टीम के कमांडर राजेश गुर्जर व राजेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद करीब साढे 9 बजे शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उप जिला अस्पताल निवाई में लाकर पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान कुए पर सैंकड़ों लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।


# कल्याण सोनी बने सर्राफा एसोसियशन के अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**निवाइ ( का.स. )।** सर्राफा एसोसियशन के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से कल्याण सोनी को सर्राफा एसोसियशन के अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। मीडिया प्रभारी अंकुर चंवरिया ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष कल्याण सोनी ने कार्यकारणी में संरक्षक के पद पर कन्नू सोनी, महामंत्री महेश सोनी व कोषाध्यक्ष के पद पर अनिल चंवरिया को मनोनीत किया गया। इस दौरान नवनियुक्त कार्यकारणी को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# सीमेंट फैक्ट्री से पकड़े 84 बंदर, लोगों को मिली राहत



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आमजन को बंदरों के आतंक से राहत देने के लिए नगर परिषद सवाई माधोपुर लगातार सक्रिय नजर आ रही है और पिंजरे लगाकर बंदरों की धरपकड़ की जा रही है। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि इन दिनों नगर परिषद क्षेत्र में बंदरों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है जिसके चलते बंदरों के आतंक की आमजन से लगातार शिकायतें मिल रही है। इसी को देखते हुए नगर परिषद टीम ने अभियान में गति लाते हुए मंगलवार और बुधवार को सीमेंट फैक्ट्री के चिन्हित इलाकों में पिंजरे लगाकर 84 बंदरों को पकड़ा। कार्यवाही के तहत टीम द्वारा मंगलवार को 68 एवं बुधवार को 16 बंदर पकड़े गए। संबंधित संवेदक टीम द्वारा इन पकड़े गए सभी बंदरों को वन्य क्षेत्र में छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद के सभी चिन्हित इलाकों से बंदर पकड़ने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि आमजन को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके।

# जिला कलेक्टर ने मृतकों के आश्रितों को सहायता राशि स्वीकृत की

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित को मुख्यमंत्री सहायता कोष से दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि दुर्घटना में मृतक रमेश लाल पुत्र रामकरण निवासी ग्राम गुदलिया तहसील उनियारा एवं सत्यनारायण सैनी पुत्र शंकरलाल माली निवासी मालियों की झोपड़िया तहसील उनियारा के आश्रितों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं।

## लम्बे समय से फरार, दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाइ ( का.स. )।** स्थानीय पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी एवं गिरफ्तारी वारंटी के आरोपियों की धरपकड़ अभियान को लेकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेशानुसार क्षेत्र में फरार चल रहे स्थाई वारंटी गिरफ्तारी अभियान को लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्रसिंह भाटी के निर्देशन में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निकट सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। टीम में हेड कानि आत्माराम, कानि दिनेश एवं कानि राजेश कुमार को शामिल करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इस दौरान टीम ने हजारों वांछित स्थाई वारंटियों को चिन्हित किया गया एवं आरोपियों की तलाशी करते हुए आरोपी मुकेश शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी झिलाई एवं संजीवकुमार जैन पुत्र सत्येंद्र जैन निवासी बपूई वालों की धर्मशाला निवाई बस स्टैंड के समीप से गिरफ्तार किया है।

# भूमि आवंटन एवं आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक आयोजित
# लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण करें - कानाराम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजकीय कार्यालयों हेतु भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों एवं आपदा प्रबंधन (एसडीआरएफ) की वचुअर्ल समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने भूमि आवंटन से संबंधित विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित 36 प्रकरणों के प्रस्ताव आगामी तीन दिवस में भिजवाने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए। उन्होंने सभी विभागों को बकाया लंबित आवंटनों की सूची शीघ्र जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय को उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने राजकीय कार्यालयों हेतु शीघ्रता से भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण करने, बजट घोषणाओं की समयबद्ध पालना सुनिश्चित करने एवं अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा और इसके लिए विभागीय अधिकारियों को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

**जनहानि व पशुहानि मामलों में त्वरित सहायता प्रस्ताव भेजें** - बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जनहानि एवं पशुहानि के मामलों में मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता हेतु प्रस्ताव त्वरित रूप से भिजवाए जाएं, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



### आपदा राहत को लेकर सख्त निर्देश

जिला कलक्टर ने मानसून सत्र 2025 के दौरान अतिवृष्टि एवं संभावित बाढ़ से हुए नुकसान की त्वरित रिपोर्टिंग के निर्देश भी दिए। उन्होंने समस्त एसडीएम एवं तहसीलदारों को आपदा प्रबंधन विभाग, जयपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि एक दिवस में 90 मिमी अथवा दो दिवस में 100 मिमी से अधिक वर्षा से मकान क्षति या जनहानि की स्थिति में तत्काल निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव भिजवाए जाएं। एसडीआरएफ के तहत आपदा से क्षतिग्रस्त भवनों की सूचना ब्लॉक स्तरीय समिति से सत्यापन के उपरांत उपखंड अधिकारी के माध्यम से जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए।

### जर्जर भवनों का उपयोग नहीं करें

विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं चिकित्सालय भवनों की विभागवार सर्वे रिपोर्ट शुक्रवार तक भिजवाने के निर्देश देते हुए कलक्टर ने स्पष्ट किया कि जर्जर भवनों का किसी भी स्थिति में उपयोग नहीं किया जाए। ऐसे भवनों के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मरम्मत योग्य भवनों के प्रस्ताव शीघ्र भिजवाए जाएं और मरम्मत के बाद भी असुरक्षित पाए जाने वाले भवनों को नियमानुसार भूमिदोज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, सीईओ जिला परिषद गौरव बुडानिया, अतिरिक्त सीईओ शैलेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीणा, सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, एडीपीसी समसा दिनेश गुप्ता, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा सहित वीसी के माध्यम से सभी उपखण्ड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर ने मेडिकल, नर्सिंग एवं यूनानी कॉलेज का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को जिला मुख्यालय के ग्राम चराई स्थित निर्माणाधीन मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूनानी मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने दोनों निर्माणाधीन कॉलेज भवनों के प्रशासनिक कक्ष, लैब रूम, हॉस्टल, स्टडी कक्षों में अब तक हुए कार्यों निरीक्षण किया। उन्होंने आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक लोकेश गुप्ता को शेष निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। यूनानी कॉलेज के निरीक्षण के दौरान प्राचार्य मोहम्मद इरशाद खान ने क्षेत्र में जल भराव की समस्या के बारे में बताया। जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीन मोहम्मद को क्षेत्र का परीक्षण कर नाला निर्माण के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

इसके बाद जिला कलेक्टर ने ग्राम सोरण स्थित पेयजल एवं सीवरेज के 4 एमएलडी सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट एवं टोंक शहर को बीसलपुर बांध से पेयजल सप्लाई पंपिंग स्टेशन धोला खेड़ा की कार्य प्रणाली की अभियंताओं से जानकारी ली। इस दौरान उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता धर्मराज मीणा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**रसद विभाग का किया वार्षिक निरीक्षण**-जिला कलेक्टर ने जिला रसद कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला रसद अधिकारी धर्मपाल मीणा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के दौरान विभाग द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की। आधार सीडिंग, ईकेवाइसी, राशन की लिफ्टिंग एवं वितरण में बेहतर प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने जिला रसद अधिकारी को एनएफएसए योजना में जिले में पात्र लोगों के नाम जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका फायदा मिल सके।

## मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना में जमा करवाई 30 हजार की राशि



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बांसडा के लिए विद्यालय स्टाफ एवं जन सहयोग से एकत्रित 30 हजार रुपए की राशि का चेक प्रधानाध्यापक लेखराज सैनी द्वारा एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा को सुपुर्द किया। यह राशि मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के अंतर्गत विद्यालय के आधारभूत ढांचे के विकास हेतु जमा करवाई गई है। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि विद्यालय से प्राप्त 30 हजार रुपए की राशि में राज्य सरकार द्वारा योजनामद के रूप में 60 प्रतिशत राज्य सरकार से अंशदान के तहत 45 हजार रुपए अतिरिक्त प्राप्त होंगे। इस प्रकार कुल 75 हजार रुपए की राशि विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय में इनवर्टर, कंप्यूटर, प्रिंटर, फर्नीचर, सहित अन्य भौतिक विकास कार्यों में उपयोग ली जाएगी। इस अवसर पर समग्र शिक्षा कार्यालय से प्रशासनिक अधिकारी कमलेश मीना, सहा. प्रशासनिक अधिकारी दीपक शर्मा एवं विद्यालय स्टाफ से माधो सिंह, कृष्णा गुर्जर एवं बुधराम गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# रक्षा बंधन पर्व 9 को, नहीं रहेगी भद्रा, दिन भर बांधों राखी

## महिलाएं रोडवेज बस में कर सकेंगी निःशुल्क यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाने वाला रक्षा बंधन पर्व इस बार 9 अगस्त (शनिवार) को मनाया जाएगा।

मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान, खेरदा, सवाई माधोपुर के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री ने बताया कि इस बार भद्रा नहीं होने से पूरे दिन राखी बांध सकेंगे। इस बार रक्षाबंधन पर दोपहर 2 बजकर 24 मिनट तक श्रवन नक्षत्र व सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष संयोग रहेगा। जो कि शुभ फल देने वाला योग बन रहा है। शास्त्री ने बताया कि राखी बांधने हेतु प्रातः 7ः49 बजे से 9ः27 बजे तक शुभ वेला, दोपहर 12ः17 बजे से 1ः09 बजे तक अभिजित वेला, दोपहर 12ः43 से 5ः37 बजे तक क्रमशः चल- लाभ - अमृत वेला में रक्षा बंधन का श्रेष्ठ मुहूर्त रहेगा। इस वेला में भाइयों की कलाई पर बहने बांध सकेंगी राखी। श्रवन पूजन सूंड मांडने व जिमाने के लिए 9 अगस्त को भद्रा नहीं होने से पूरा दिन श्रेष्ठ है। इस दिन संस्कृति दिवस व श्रावणी उपाकर्म पूर्णिमा पुण्य, सावन का अंतिम दिवस, अमरनाथ यात्रा पूर्ण होने से यह पर्व विशेष महत्व वाला होता है।

### महिलाओं को रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में दो दिन निःशुल्क यात्रा की मिलेगी सौगात

खुशखबर यह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेश की महिलाओं को खुशियों की दोहरी सौगात दी है। मंगलवार को जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बहनों को इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व पर राजस्थान रोडवेज की बसों में दो दिन निःशुल्क यात्रा की सुविधा देने की घोषणा की। यह सुविधा रक्षाबंधन (9 अगस्त) एवं उसके अगले दिन (10 अगस्त) अर्थात् दो दिन राज्य की सीमा के अंदर राजस्थान रोडवेज की बसों में यात्रा के लिए मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व ही नहीं बल्कि हमारी सामाजिक और पारिवारिक परम्पराओं की जीवंत अभिव्यक्ति है। इस शुभ अवसर पर राज्य सरकार का प्रयास है कि कोई भी बहन अपने भाई से मिलने से वंचित न रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शर्मा की अनूठी पहल पर पहली बार इस वर्ष रक्षाबंधन पर राज्य की महिलाओं को रोडवेज बसों में दो दिन निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। इससे पूर्व केवल एक दिन (रक्षाबंधन को) ही यह छूट दी जाती थी। राज्य सरकार का यह निर्णय महिला सशक्तीकरण और पारिवारिक मूल्यों को महत्व देने की दिशा में अभिनव कदम है।



# संत ने ही मंदिर से चुराए सवा तीन किलो चांदी के मुकुट और छत्र

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के खण्डार उपखंड में बहराण्डा खुर्द चौकी क्षेत्र के टेमला बालाजी मंदिर परिसर स्थित बालाजी व कंकाली माता की मूर्ति से चांदी के मुकुट व छत्र चोरी करने के आरोपी संत को पुलिस ने करौली जिले के मासलपुर क्षेत्र में नरायणा की पहाड़ी स्थित आश्रम से गिरफ्तार किया है। आरोपी से छत्र व मुकुट बरामद कर लिए। हैड कांस्टेबल संजय कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपी संत हरिशंकर उर्फ हरिगिरी नाथ (80) पुत्र चंदनगिरी गोस्वामी निवासी सितोल साहब का बाड़ा ग्वालियर मध्यप्रदेश हाल ग्राम पठानपुरा देवगढ़ मुरैना मध्यप्रदेश हाल टेमला बालाजी आश्रम बहरावण्डा खुर्द है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ टेमला बालाजी मंदिर पुजारी पवन कुमार शर्मा ने 26 जुलाई को दर्ज प्राथमिकी में बताया था कि बीती रात को आरोपी बालाजी का चांदी का छत्र व मुकुट, कंकाली माता का चांदी का छत्र व मुकुट (3 किलो 250 ग्राम चांदी) चोरी हो गए।

सुबह जब वह मंदिर गया तो घटना का पता चला था। प्राथमिकी में यह भी बताया था कि मंदिर परिसर में करीब 13-14 माह से एक व्यक्ति खुद को संत हरिगिरीनाथ बताकर साधु के वेश में रह रहा था।

**मोबाइल लोकेशन से चला था पता**-पुलिस ने बताया कि आरोपी संत चोरी की घटना के बाद से मोबाइल स्विचऑफ कर मंदिर से फरार हो गया। ऐसे में पुलिस को 3 अगस्त को आरोपी की लोकेशन मासलपुर थाना क्षेत्र में आने पर पुलिस टीम की ओर से आरोपी की तलाश में सादा वर्दी में पुलिसकर्मी आश्रम के आसपास छोड़ दिए। ऐसे में आरोपी के आश्रम में होने पर उसे पकड़ लिया। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया, जहां संत को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

# हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2025 के उपलक्ष्य में जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भदलाव, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाई माधोपुर, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपलाई सहित विभिन्न विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रार्थना सत्र में विद्यार्थियों को तिरंगे की आकृति में बिठाया और शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर छात्रों को राष्ट्रप्रेम से जोड़ते हुए तिरंगे के इतिहास, महत्व और भारतीय ध्वज संहिता एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि जिस प्रकार हम तिरंगे को सम्मानपूर्वक फहराते हैं, उसी तरह अपने घर-आंगन, गली-मोहल्ले की स्वच्छता बनाए रखना भी सच्ची देशभक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने हर घर तिरंगा और स्वच्छ भारत विषयक नारे लगाए, पोस्टर बनाए और जागरूकता रैली में भाग लिया। सभी ने यह संकल्प भी लिया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाएगा।



कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद साहू एवं प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना पैदा करने एवं पूरे परिवेश में देशभक्ति पूर्ण माहौल बनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा इसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्कूलों और कॉलेज में तिरंगा राखी बनाओ वर्कशॉप तिरंगा रंगोली प्रदर्शनी व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

# धौलपुर नगरपरिषद सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज


### 13 पार्षदों ने कहा-गलत तथ्य बताकर कराए गए हस्ताक्षर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर नगरपरिषद सभापति खुशबू सिंह के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का प्रार्थना पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी ने खारिज कर दिया है। कुछ पार्षदों द्वारा सभापति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले पार्षदों के हस्ताक्षर सत्यापन के लिए 1 और 2 अगस्त का समय निर्धारित किया था। 2 अगस्त को हस्ताक्षर सत्यापन के लिए केवल 37 पार्षद उपस्थित हुए। इनमें से 13 पार्षदों ने स्पष्ट किया कि उनसे गलत तथ्य बताकर हस्ताक्षर कराए गए थे। उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पर अपनी असहमति जताई। इसके अलावा, 13 अन्य सदस्य नोटिस मिलने के बावजूद सत्यापन के लिए उपस्थित नहीं हुए। धौलपुर नगरपरिषद में कुल 60 पार्षद हैं।

# अमेरिका के बॉस्टन में भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान



**बॉस्टन/जयपुर/अलवर।** अमेरिका के बॉस्टन में आयोजित राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेचर्स शिखर सम्मेलन में के दूसरे दिन नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित राजस्थान के विधायक शामिल हुए। जूली बोले राजस्थान के विधायक वैश्विक मंच पर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह शिखर सम्मेलन वैश्विक लोकतांत्रिक जुड़ाव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच संवाद को बढ़ावा देना है।

# जिला कलक्टर ने शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा कर शहर के मास्टर ड्रेनेज प्लान निरीक्षण किया

## मास्टर ड्रेनेज प्लान के अनुरूप शहर के नालों व नालियों का निर्माण कराया जावे - जिला कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की टीम के साथ शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा कर अलवर शहर के मास्टर ड्रेनेज प्लान का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को मास्टर ड्रेनेज प्लान के अनुसार कार्य करने के दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने कहा कि मास्टर ड्रेनेज प्लान के तहत शहर के नालों का निर्माण होने से जनता कॉलोनी, टाइगर कॉलोनी आदि स्थानों में जल भराव की समस्या से आमजन को राहत मिलेगी। उन्होंने मास्टर ड्रेनेज प्लान के अंतर्गत पूर्व में बने हुए सभी नालों एवं प्रस्तावित समस्त नालों में शहर के तिजारा पुल से टेल्को सर्किल, मथुरा आरओबी के दोनों ओर बनने वाले नाले, काशीराम चौराहा से भगत सिंह चौराहे तक न्यास द्वारा बनाये जाने वाले नालों का निरीक्षण किया कर यूआईटी एवं नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल भराव की समस्या के निराकरण हेतु नालों का निर्माण कार्य मास्टर ड्रेनेज प्लान के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि बारिश के दौरान नाला व नाली चौक नहीं होवे, इसके लिए समयबद्ध रूप में नियमित साफ-सफाई करावे। उन्होंने नमन होटल, हनुमान सर्किल से मूंगस्का तक प्रस्तावित नालों का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि आगामी वर्षाकाल से पूर्व समस्त नालों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण करावे।

# शिव भक्ति पाने के लिए अहंकार को दूर करना होगा - आचार्य कमलेश नाथ



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** पंचायत समिति के सकट क्षेत्र के देवती राम सागर बांध के पास स्थित जोगियों की ढाणी मुर्राटा में महादेव जी मंदिर पर चल रही शिव महापुराण कथा में कथा आचार्य योगी कमलेश नाथ ने कहां कि शिव भक्ति के लिए पहले अहंकार दूर करना होगा। क्योकि जब तक अहंकार होता है तक भोलनाथ प्रसन्न नही होते है। जिस प्रकार आदि देव महादेव को भोलेनाथ कहा जाता है उसी उनको भक्त भी भोले पसंद है। जब तक अहंकार दूर नही होगा तब तक शिव की भक्ति प्राप्त होना कठिन है। उन्होंने ने कहा कि जहां पर सूक्ष्म दृष्टि होती है। वहां विघ्न नही होता है और जहां विघ्न बाधा न हो तो वहीं ऋद्धि-सिद्धि और शुभ लाभ का सदैव आगमन होता है उन्होंने ने महाशिवरात्रि का महत्व अभिमन्यु कृष्ण मिलन व विष्णुजी को सुदर्शन चक्र की प्राप्ति से जुड़े कई प्रसंग सुनाए। आयोजक रामजीलाल योगी ने बताया कि कथा का समापन पूर्णाहुति व भंडारे के साथ गुरुवार को होगा।

# कारोबारी का अपहरण कर लूटपाट करने वाला पाचवां आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी से वारदात में प्रयुक्त 1 देशी कट्टा बरामद

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़( अलवर )।** पुलिस थाना राजगढ़ ने कार्यवाही करते हुए कारोबारी का अपहरण कर लूटपाट करने वाले पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि थाना राजगढ पर 7 जून 2025 को परिवादी ने अपहरण कर लूटपाट का मामला दर्ज कराया था। मामले पर अभियोग पंजीबद्ध अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर डॉ. प्रियंका के निकटतम सुपरविजन व पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना के निर्देशन में थानाधिकारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में पुलिस थाना राजगढ टीम द्वारा आसूचना संकलित व तकनीकी सहायता से घटना को अंजाम देने वाले 3 शातिर आरोपीयान को 13 जून 2025 को बापर्दा गिरफ्तार किया एवं चौथे आरोपी सुरेन्द्र सिंह उर्फ गगन पुत्र श्री जसमेर सिंह जाति जटसिख उम्र 30 साल, निवासी मिलकपुर पुलिस थाना रामगढ़, जिला अलवर को 25 जून 2025 को गिरफ्तार किया गया।

# जिला कलक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल की समीक्षा की

## फ्लैगशिप स्कीमों एवं बजट घोषणाओं का समयबद्ध कियान्वयन करावे-जिला कलक्टर

● शहर में नई फूड स्ट्रीट के लिए यूआईटी करेगी जगह चिन्हित

## शिशु अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार की कार्य योजना बनाने हेतु समिति गठित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर फ्लैगशिप योजनाओं व बजट घोषणाओं में प्रगति, राजस्थान संपर्क पोर्टल लंबित परिवादों एवं इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट कार्यों आदि की विस्तृत समीक्षा कर जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग कर उनमें लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित करें, साथ ही यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से लाभांवित होने से वंचित ना रहे। उन्होंने विभागवार योजनाओं में प्रगति की वस्तुस्थिति जानकर संबंधित अधिकारियों को सैचुरेशन स्तर तक क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं में प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि निर्धारित टाइमलाइन में बजट घोषणाओं के कार्यों को चरणबद्ध रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रत्येक बजट घोषणा की प्रगति पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रियागत कार्यवाही को पूर्ण कराकर यथाशीघ्र इनकी धरातल पर क्रियान्विति कराने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को बजट घोषणाओं का त्वरित लाभ मिल सके।

उन्होंने जिला शिशु अस्पताल में जिले व आसपास के राज्यों के शिशु मरीजों की बढती संख्या को ध्यान में रखते हुए शिशु चिकित्सालय के विस्तार एवं सुविधाओं में इजाफा करने हेतु सीएमएचओ, पीएमओ, एससी पीडब्ल्यूडी व एससी यूआईटी की संयुक्त समिति का गठन किया। उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि आगामी 20 वर्ष की कार्ययोजना को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सालय में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने हेतु 15 दिनों में नक्शा आदि कार्य योजना तैयार कर डीपीआर बनाए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफटी फण्ड के अनुरूप बजट घोषणाओं की कार्य योजना बनाकर उनके अगले सप्ताह तक प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने आरवीपीएनएल के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि कठूमर में 132 केवी के सब स्टेशन हेतु उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर भूमि आवंटित कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने यूआईटी सचिव को निर्देश दिये कि बहरोड, तिजारा रोड आदि स्थानों पर फूड स्ट्रीट हेतु भूमि चिन्हित कर कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि मुंगस्का नर्सरी से हनुमान सर्किल तक व हनुमान सर्किल से नमन होटल तक बजट घोषणा के 10 करोड रूपये की राशि से नाला निर्माण हेतु



डीपीआर तैयार हो चुकी है अतः यूआईटी वर्षा ऋतु से पहले दोनों स्थानों पर नाला निर्माण का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यार्थियों एवं आमजन को प्राकृतिक वातारण में अध्ययन की सुविधा प्रदान करने हेतु ओपन लाइब्रेरी बनाए जाने के प्रस्ताव तैयार कर भूमि चिन्हित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि एनकेप व एनसीआरपीबी के तहत प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने यूआईटी द्वारा डेढ लाख रूपये की लागत से तूलेडा रोड व सूर्य नगर बाई पास पर लगाई गई रोड लाइट के कार्य की सराहना की। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि तांगा स्टैण्ड व महिला चिकित्सालय में 15 दिवसों में पिंक टॉयलेट बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने हनुमान चौराहे पर बनाए जाने वाले बस स्टैण्ड की भूमि पर से विद्युत लाइन शिफ्ट कराने के कार्य में उदासीनता बरतने पर रोडवेज के प्रबंधक पर नाराजगी जाहिर कर निर्देश दिये कि सीएमडी स्तर पर वार्ता कर कार्य को पूर्ण करावे।

बैठक में एडीएम द्वितीय श्री योगेश डागुर, यूआईटी सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता श्री भूरी सिंह, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री रमेश चन्द शर्मा, डीटीओ श्री सुरेश यादव, जीएम डीआईसी श्री एम. आर मीना, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक श्री रमेश मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारी बी.के.अनुभा एवं बी.के.प्रिया ने अपनाघर आश्रम पहुँच मनाया रक्षाबंधन पर्व

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** बुधवार को संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर में सभी प्रभुजी को राखी बांध कर, मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। ब्रह्माकुमारी बी के अनुभा एवं बी के प्रिया ने अपनाघर आश्रम पहुँच कर सभी प्रभुजी, सेवा साथियों और उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों को राखी बंधन किया, तिलक लगाया और मिठाई खिलाई । राखी बंधन से पूर्व बी के अनुभा ने सभी को संबोधित करते हुए संकल्प कराया कि ये राखियाँ परमपिता परमात्मा की राखी हैं बांधते समय अपनी अपनी सभी बुराइयों रुपी कांटों को राखी बंधन की विदा में परमात्मा को देदो। हमेशा खुश रहो सभी के साथ प्रेम से मिलकर रहो। पिछली बातों को भूल कर एक ही चिंतन रखें जो हुआ वह अच्छा हुआए वर्तमान समय भी अच्छा है और आगे और भी अच्छा ही होगा। परमात्मा का स्मरण करते हुए उसे धन्यवाद दो । इस अवसर पर आश्रम



अध्यक्ष सतीश सारस्वत, संरक्षक अशोक मेठी,उपाध्यक्ष शिव कुमार दुआ, वित्त सचिव के के खण्डेलवाल, सदस्य शिव दयाल शर्मा एवं सेवा साथी उपस्थित रहे।

# मालाखेडा तहसील के समस्त राजस्व रिकॉर्ड के सघन निरीक्षण हेतु 6 सदस्यीय जांच टीम गठित

अलवर (का.स.)।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आमजन की शिकायतें प्राप्त होने के मद्देनजर मालाखेडा तहसील के दिनांक 1 जनवरी 2024 से आदिनांक तक समस्त राजस्व रिकॉर्ड जिसमें नामांतकरण, धारा 90 ए, धारा 91, न्यायालय आदेश और उसकी पालना, राजकीय भूमि के विरूद्ध पारित निर्णयों के विरूद्ध अपील प्रस्तुत करने अथवा नामांतकरण दर्ज करने, जीएलएमसी कमेटी द्वारा पारित आदेशों की पालना करने आदि के संबंध में गहन निरीक्षण कराने के लिए कलक्ट्रेट अलवर के प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख निरीक्षक की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया है। गठित जांच टीम में कलक्ट्रेट अलवर के विधि अधिकारी श्री चरण सिंह, भू अभिलेख निरीक्षक श्री चमन प्रकाश शर्मा, भू अभिलेख निरीक्षक श्री जितेन्द्र प्रसाद सैनी, भू अभिलेख निरीक्षक श्री राजेश बटवाडा एवं अलवर तहसील के देसूला वृत के भू अभिलेख निरीक्षक श्री सुरेन्द्र कुमार इन्दोरिया शामिल हैं। गठित जांच टीम आगामी 15 दिवस में मालाखेडा तहसील के उक्त समस्त रिकॉर्ड का सघन निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

# रक्षाबंधन से पहले मिलावटखोरी पर बड़ी कार्रवाई, 350 लीटर मिलावटी दूध नष्ट, गोदाम सील

## मिलावटखोरों के खिलाफ निरंतर चलेगी कार्रवाई-जिला कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** आगामी त्यौहारों को देखकर जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देशन में मिलावटखोरों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर लगातार सैंपलिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 9 अगस्त तक चलाया जाएगा है, जिसके तहत मिठाई दुकानों और दूध डेयरियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट ने बताया अभियान के तहत रक्षाबंधन पर्व से पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 350 लीटर मिलावटी दूध मौके पर ही नष्ट कर दिया और गोदाम को सील कर दिया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि त्योहार के सीजन में मिठाइयां बनाने के लिए बड़े पैमाने पर मिलावटी दूध तैयार किया जा रहा था। सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम हमीराका, तहसील तिजारा में छापा मारा। उन्होंने बताया कि मौके पर आरिफ खान (उम्र 34 वर्ष, जाति मेव) द्वारा मावा बनाने के लिए दूध में मिलावट की जा रही थी। टीम ने मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन से मौके पर ही दूध की जांच की, जिसमें आंशिक मिलावट की पुष्टि हुई। यह कार्रवाई मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर की गई।

छापे के दौरान रिफाइंड तेल के पीपे, एस एन एफ पाउडर, मिल्क पाउडर के कट्टे बरामद किए गए। ये सभी सामग्री दूध में मिलावट और फैट बढ़ाने के लिए उपयोग की जाती है। मौके से लिए गए दूध और मावा के नमूने खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। वहीं, मिलावटी व बदबूदार दूध को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

जांच के दौरान परिसर में भारी गंदगी पाई गई और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था, जिसके चलते परिसर को सील कर दिया गया। नमूना जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार, उपनिरीक्षक लोकेश (थानाधिकारी, शेखपुर अहीर), महिपाल सिंह, सुभाष यादव, रमेश शर्मा, हेमराज (कानि 284), सुंदर (कानि चालक 1073) सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# पेड़ सभी जीवों के जीवनदाता के साथ साथ प्रकृति का श्रृंगार भी हैं-राकेश रोहिल्ला

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेड़की में लायन साथी नवीन गोयल के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर चार फुट तक ऊंचाई के 51 पौधे लगाए गए व सार संभाल की जिम्मेदारी लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स के द्वारा ली गई द्यइस अवसर पर मेंबरशिप कमेटी चेयरमैन एमजेएफ लायन प्रमोद अग्रवाल ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर संबोधित करते हुए सर्वप्रथम कल उत्तराखंड में हुई विषम त्रासदी पर खेद जताया, और कहा पेड़ पौधे हमारे प्रकृति का श्रृंगार , गहना है इस तरह की हो रही त्रासदियां प्रकृति की निरंतर दोहन का परिणाम है हम सभी को प्रकृति प्रेमी बनना पड़ेगा और प्रकृति को सहज कर रखना पड़ेगा तभी इस तरह की त्रासदी से बचा जा सकता है ।

इस शानदार कार्यक्रम के संयोजक विपिन अग्रवाल रहे । इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष एम जे एफ दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रवीण सैनी, प्रदीप यादव, राकेश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल प्यारेलाल सैनी, प्रधानाध्यापक रेखा रोहिल्ला अध्यापक सुरेश यादव एवं अध्यापक, अध्यापिकाएं आदि उपस्थित रहे ।

# दो दिवसीय राउमावि के संस्थाप्रधानों की सत्रारंभ वाक्पीठ संगोष्ठी आज से

राजगढ़( अलवर )। शिक्षा विभाग की ओर से दो दिवसीय राउमावि के संस्थाप्रधानों की सत्रारंभ वाक्पीठ संगोष्ठी का शुभारंभ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीघोता में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना व अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवराज शर्मा ने बताया कि वाक्पीठ संगोष्ठी में प्रातः 10 बजे 10 .30 तक रजिस्ट्रेशन होगा। उसके बाद डीबीटी, छात्रवृत्ति एवं ओटीआर, इंस्पायर अवार्ड, गार्गी पुरस्कार, लाड़ो योजना, विभागीय जांच, प्रारम्भिक जांच, सीसीए-16 व 17, हरियालो राजस्थान, वृक्षारोपण, हरित पाठशाला, आरटीआई, राजस्थान संपर्क पोर्टल की शिकायत का निस्तारण, ज्ञान संकल्प पोर्टल सहित संस्था प्रधानों की विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# चोरी के ट्रांसफार्मर सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** थाना राजगढ़ ने कार्यवाही करते हुए चोरी के ट्रांसफार्मर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि थाना राजगढ में 27 जूलाई को कनिष्ठ अभियंता माचाडी बिजली विभाग रैणी ने मामला दर्ज कराया कि दिनांक 27 जूलाई की सुबह की रात्रि करीब 4.10 बजे गांव बुचपुरी मे कृषि के ट्रांसफार्मर को चोर चोरी करके ले गये। इत्यादि पर अभियोग पंजीबद्ध अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ प्रियंका के निकटतम सुपरविजन व पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना के निर्देशन में थानाधिकारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में पुलिस थाना राजगढ टीम द्वारा आसूचना संकलित व तकनीकी सहायता से त्वरित कार्यवाही करते हुए ट्रांसफार्मर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 2 आरोपी धारासिह उर्फ पोला पुत्र नानगराम जाति बावरिया उम्र 22 साल निवासी कलेशान ठेकडीन थाना राजगढ व प्रहलाद उर्फ मोटा पुत्र प्रतराम जाति भील उम्र 27 साल निवासी बबेली पुलिस थाना राजगढ




को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपियों से चोरी किया गया विधुत ट्रांसफार्मर व चोरी करते समय प्रयुक्त लोहे का ओजार संडासी (कटर) को बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपीयो द्वारा ग्राम बुचपुरी, आन्धवाडी, नांगल धर्मू ईलाका थाना राजगढ व ग्राम नीमला पुलिस थाना टहला तथा ग्राम बढियाल पुलिस थाना बैजुपाडा जिला दौसा में भी विधुत ट्रांसफार्मर चोरी करना स्वीकार किया है।

नशे के विरुद्ध सशक्त कार्रवाई

## मादक पदार्थों के निस्तारण का बड़ा अभियान

### 69 मामलों जप्त नशीली सामाग्री को किया राख, 189.649 किलो ग्राम अफीम सरकारी केंद्र मे जमा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो , राजस्थान इकाई, कोटा द्वारा बुधवार 69 मामलों में जब्त मादक पदार्थों का विधिवत निस्तारण किया गया। यह मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण कार्रवाई है, जिससे समाज को नशे से मुक्त करने की दिशा में सशक्त प्रयास किया गया है। इस व्यापक निस्तारण अभियान के तहत नशीली दवाओं, साइकोट्रोपिक पदार्थों और पोस्ता पौधों को वैज्ञानिक और पर्यावरण-अनुकूल विधि द्वारा नष्ट किया गया। उक्त मादक पदार्थों को चंदेरिया, चित्तौड़गढ़ में स्वीकृत सुविधा केंद्र पर उन्नत तकनीकों के माध्यम से दहन कर पूर्ण रूप से नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त, अन्य 25 मामलों मे जब्त 189.649 किलोग्राम अफीम को नीमच, म.प्र. में सुरक्षित रूप से जमा करने की प्रक्रिया जारी है। नारकोटिक्स द्वारा किया गया यह निस्तारण अभियान मादक पदार्थों की अवैध तस्करी एवं दुरुपयोग को रोकने की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे समाज में नशीले पदार्थों की उपलब्धता पर नियंत्रण स्थापित होगा और युवाओं को नशे से बचाने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ष्टक्चह्र की इस कार्रवाई से नशे के अवैध कारोबार को कड़ा संदेश मिलेगा। मादक पदार्थों के निस्तारण की यह प्रक्रिया कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सुदृढ़ संकल्प को दर्शाती है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए ब्यूरो सतत कार्रवाई करता रहेगा।

## श्री हिंदी साहित्य समिति कोटा की 162 वीं मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न

### पवन रे, मेरे बेटे से कहना, मैया तोहि याद करे। तू तो मेरा हृदय खंड था,तो सों का प्रतिवाद करें --- डॉ रघुराज सिंह कर्मयोगी




बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** श्री हिंदी साहित्य समिति कोटा की 162वीं मासिक काव्य गोष्ठी संस्था के महासचिव सुरेंद्र सिंह गौड़ के सौजन्य से डडवाड़ा स्थित उनके आवास पर संपन्न हुई। यह दिन सुरेंद्र सिंह गौड़ के 83वें जन्म दिवस का शुभ अवसर था। इस कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध विद्वान साहित्यकार काव्य गोष्ठी के साक्षी बने। अतिथियों ने मां सरस्वती का माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अध्यक्षता, संस्था के अध्यक्ष डॉ रघुराज सिंह कर्मयोगी ने की। मुख्य अतिथि के पद को बाल साहित्य रचनाकार भगवती प्रसाद गौतम ने शोभायमान किया तथा विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार में पाठ्य पुस्तक मंडल के प्रन्यासी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता अरविंद सिसोदिया रहे। सफल संचालन कमलेश कमल ने किया।

भगवती प्रसाद गौतम द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने के बाद प्रथम काव्य पाठ दीनानाथ त्रिपाठी ने किया। जो सितारों तुम्हारा पूछता हूं पुस्तक के रचयिता हैं। उन्होंने श्रृंगार रस की कविता प्रस्तुत की–

**मोरी पायल तुम्हें पुकारे,मोरा बिछुआ राह निहारे।**
**आजा पिऊ देर करें क्यों,दिन रात जियरा कूं जारे।**

सलीम स्वतंत्र ने कहा –

**बुजुर्गों तुम बोझ नहीं इस देश पर।**
**तुम तो इस देश, धरती और समाज की अमूल्य धरोहर हो।**

अरविंद सिसोदिया –

**चुनौती आई है फिर से, पागलपन ने धमकाया है।**
**अहंकार की आंधी ने,झूठ का परचम लहराया है।**

कुल मिलाकर डॉ रघुराज सिंह कर्मयोगी, भगवत सिंह मयंक, अरविंद सिसोदिया, सुरेंद्र सिंह गौड़, काली चरण राजपूत,कमलेश कमल,दीनानाथ त्रिपाठी, रामेश्वर शर्मा, भगवती प्रसाद गौतम, सलीम स्वतंत्र ,खुशीराम सिंह चौधरी, डॉ भूपेंद्र राज ने अलग-अलग रसो में काव्य पाठ किया। जिसने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।

हरियालो राजस्थान अभियान

## जन्मदिन पर पौधा लगाकर 3 वर्ष तक मां की तरह उस पौधे की देखभाल करें

**जयपुर।** उगम संस्थान राजस्थान द्वारा सीकर जिले के दांतारामगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के करड गांव में आयोजित हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत 1111 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री संजय शर्मा ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर राजस्थान में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। पिछले वर्ष 3 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाए गए, जिन्हें जनता ने भारत सरकार के पोर्टल पर फोटो के साथ अपलोड किया। इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है, साथ ही, अब तक 8 करोड़ 11 लाख पौधों का रोपण हो चुका है, जिनकी फोटो हरियालो राजस्थान के ऐप पर अपलोड की गई हैं। जिले के प्रभारी मंत्री ने सभी से अपने जन्मदिन पर पौधे लगाने और 3 वर्ष तक उनकी देखभाल करने का आह्वान किया ताकि भावी पीढ़ियों को प्राकृतिक संरक्षण की सौगात मिल सके। उन्होंने कहा कि आज दो पौधे विद्यालय में लगाये गये है उनका जन्म दिन 6 अगस्त 2026 को मनाया जायेगा, जिसमें मैं स्वयं शामिल रहूंगा। उन्होंने जल संरक्षण एवं पौधारोपण करने की उपस्थितजनों को संकल्प दिलवाया। उन्होंने ग्राम पंचायत परिसर एवं प्राथमिक चिकित्सालय में भी पौधे लगाये तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण व अधिकाधिक पौधारोपण करने की शपथ दिलवाई।

बेरहम गड्ढो पर मरहम लगाने निकले जिला कलक्टर

# पेचवर्क में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग हो - जिला कलक्टर

### क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत रक्षाबंधन से पहले कराने के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( विनोद गौड़ )।** शहर की टूटी खस्ता हाल सड़को का हाल जानने जिला कलक्टर पीयूष समारिया बुधवार को शहर के दौरे पर निकले और बारिश के बाद क्षतिग्रस्त हुई शहर की मुख्य सड़कों एवं चौराहों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के मुख्य चौराहों एवं चंबल नई पुलिया पर अत्यधिक क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत रक्षाबंधन से पहले करने के निर्देश केडीए अधिकारियों को दिए।

**नयापुरा से गणेश नगर तक किया निरीक्षण**

पहले नयापुरा स्थित विवेकानन्द सर्किल पहुंचे और सर्किल के आसपास क्षतिग्रस्त सड़क ठीक करने के निर्देश दिए। इसके बाद वे सीधे कुन्हाड़ी पेट्रोल पंप चौराहा पहुंचे और वहां चौराहे के आसपास उखड़ी हुई सड़क दो दिन में सही कराने के निर्देश केडीए अधिकारियों को दिए।उन्होंने कहा कि सर्किल पर गड्ढे एवं ऊबड़-खाबड़ सड़कों से दुपहिया एवं चौपहिया वाहन चालकों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि जहां बार-बार गड्ढे पड़ने और सड़क उखड़ने की शिकायत आ रही है वहां ढलान और सड़क का अलाइनमेंट चेक करने के बाद सीसी पेचवर्क किया जाए। उन्होंने डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड की सड़कों की मरम्मत संबंधित ठेकेदार से करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरम्मत ऐसी हो कि पेचवर्क लंबे समय तक चलें।

समारिया ने जेडीबी कॉलेज के सामने स्थित सर्किल स्थित फव्वारा देखा और केडीए अधिकारियों को पूछा कि यह चलता है या नहीं? उन्होंने सर्किल पर घास की कटिंग करवाने और सौंदर्यकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सर्किल अच्छी लोकेशन पर बना हुआ है। इसकी अच्छी देखभाल की जाए। इसके बाद उन्होंने सावित्री बाई फुले की मूर्ति के पीछे नाले का निरीक्षण किया और उखड़े हुए कवर सही करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एरोड्रम सर्किल पर टूटी हुई सड़क एवं गड्ढे दो दिन में ठीक कराने के निर्देश दिए। इसके बाद वे गणेश नगर स्थित धरणीधर चौराहा पहुंचे और वहां क्षतिग्रस्त डिवाइडर ठीक करने के निर्देश दिए। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफिस के सामने क्षतिग्रस्त सड़क एवं स्पीड ब्रेकर की मरम्मत शीघ्र करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि केडीए, नगर निगम एवं पीएचईडी अधिकारियों की एक संयुक्त टीम उन सड़कों का चिन्हीकरण करे जहां नीचे पानी एवं सीवर लाइन होने के कारण ओवरफ्लो से सड़कों को नुकसान होता है। उन्होंने इसका समाधान निकालने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करने, ढलान का ध्यान रखने, तथा रोड़ कट कर क्वालिटी पेचवर्क करने के निर्देश दिए ताकि रिपेयर की हुई सड़क अगली बारिश में फिर से नहीं टूटे। दौरे में केडीए आयुक्त हरफूल यादव, निदेशक अभियांत्रिकी रविन्द्र माथुर सहित अन्य अभियंता साथ रहे।

## थोड़ी सी देर का गुस्सा अपराधी और पीड़ित दोनों की जिंदगी को कर देता है बर्बाद, धैर्य रखना जरूरी - डॉ. अग्रवाल

### क्षणिक भर का गुस्सा कर देता है जीवन बर्बाद, गुस्से को काबू में रखना सीखें - डॉ. अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** रोटरी क्लब कोटा नोर्थ द्वारा कोटा सेन्ट्रल जेल परिसर में मानसिक स्वास्थ्य और बढ़ते अपराध विषय सेमीनार का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. एमएल अग्रवाल रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब की प्रांतपाल डॉ. प्रज्ञा मेहता, रोटरी डिस्ट्रिक 3056 के सचिव प्रीतम गोस्वामी, जोन कॉर्डिनेटर सुरेन्द्र अग्रवाल, रोटरी क्लब कोटा नोर्थ के बोर्ड डायरेक्टर डॉ. अरूण उपाध्याय, केंद्रीय कारागृह कोटा के उप महानिरीक्षक राजेंद्र कुमार, उपाधीक्षक रोहित कौशिक, उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुरेश पुरोहित मंचासीन रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. एमएल अग्रवाल ने कहा कि गुस्सा एक तरह से मानसिक विकृति है, जो कुछ सैकंड के लिए आता है और इसी गुस्से में आकर कुछ लोग हत्या जैसे अपराध तक कर डालते हैं, और जब उनका मन शांत हो जाता है तबतक सिवाय पछताने के कुछ नहीं बचता। यह विचार वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. एमएल अग्रवाल ने रोटरी क्लब कोटा नोर्थ द्वारा कोटा जेल में मानसिक स्वास्थ्य और बढ़ते अपराध विषय सेमीनार में अपराधियों के समक्ष व्यक्त किये। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि क्षणिक भर का गुस्सा लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देता है, अपराधी जेल जाता है और पीड़ित अस्पताल या फिर जिंदगी से हाथ धो बैठता है।

ऐसे में हमें अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए। इसके लिए उन्होंने कई एक्सपर्ट सुझाव भी दिये। जिसमें गुस्सा आने पर मन को शांत रखने के लिए कहा।

**रोटरी क्लब कोटा नोर्थ द्वारा जेल में मेंटल हेल्थ पर सेमीनार का आयोजन**

उन्होंने कहा कि यदि किसी से कोई बहस या झगड़े की स्थिति हो तो उस परिस्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देकर मन को शांत रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुस्से और मन को शांत रखने के लिए मानसिक स्वास्थ्य का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है, इसके लिए अपने जीवन में योग और प्राणायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर रोटरी क्लब कोटा नोर्थ के अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री ने कहा कि रोटरी क्लब कोटा नोर्थ द्वारा वर्षभर ऐसे जनउपयोगी कार्यक्रम, संगोष्ठियां आयोजित समाज में बदलाव लाने का प्रयास किया जाता रहेगा। उन्होंने जीवन में अच्छा और बुरा दौर आना यह जिंदगी का हिस्सा है, लेकिन हमने अपने मन को मजबूत बना लिया तो यह मन और गुस्सा हमें विचलित नहीं कर सकता। इसलिए हमेशा सहज और सरल भाव मन में रखना चाहिए।

रोटरी डिस्ट्रिक 3056 के सचिव प्रीतम गोस्वामी, जोन कॉर्डिनेटर सुरेन्द्र अग्रवाल, रोटरी क्लब कोटा नोर्थ के बोर्ड डायरेक्टर डॉ. अरूण उपाध्याय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अन्त में जेल सुप्रिटेंडेंट केंद्रीय कारागृह के उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुरेश पुरोहित ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन जेल में सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होते हैं।

## मथुराधीश मंदिर पर मनाई पवित्रा द्वादशी, ब्रह्म-संबंध देने वाले गुरु को भेंट की पवित्रा

### हिंडोलने के दर्शनों को आए वैष्णवजन, जन्माष्टमी के बधाई गीतों पर हुए भक्ति में लीन, लगाए जयकारे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मन्दिर पर बुधवार को श्रावण शुक्ल द्वादशी पर पवित्रा द्वादशी मनाई गई। इसे पुष्टिमार्ग में गुरु का पूजन दिवस माना जाता है। इस दिन पुष्टिमार्ग का प्राकट्य हुआ था। मन्दिर पर ठाकुरजी को प्रेम लक्षणा भक्ति सिद्धि और तत्सुख की भावना से पवित्रा धराए गए। इसके बाद ब्रह्म-संबंध देने वाले गुरु को पवित्रा, भेंट आदि धराए गए। वैष्णव शाम को हिंडोलने के दर्शनों को आए। प्रभु के मनमोहक दर्शन पाकर जयकारे लगाते रहे। इस दौरान जन्माष्टमी के बधाई कीर्तनों पर भक्ति में लीन हो गए। माना जाता हैं कि श्रावण शुक्ल एकादशी और द्वादशी की मध्यरात्रि को स्वयं ठाकुरजी ने प्रकट होकर श्रीमहाप्रभु जी को जीवों को ब्रह्म संबंध देने की आज्ञा दी थी। श्रावण शुक्ल द्वादशी के दिन श्रीवल्लभ ने सब से प्रथम ब्रह्म-संबंध वैष्णव दामोदर दासजी हरसानी को दिया था। तब से आज का दिन सभी वैष्णवों में पुष्टिमार्ग की स्थापना दिवस-समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**किकोड़ा तेरस आज, भोग में धराएंगे किकोड़े का साग**

गुरवार को त्रयोदशी पर किकोड़ा तेरस मनाई जाएगी। इस दौरान प्रभु को लकड़ी की चौकी पर भोग रखा जाएगा। प्रभु को गोपीवल्लभ भोग में किकोडा का साग और सीरे की सामग्री धराई गई जाएगी।

## कांग्रेस पदाधिकारी ने बच्चों को कक्षा में जाकर पहनाये हेलमेट

### बच्चे असुरक्षित पर उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा भी जरूरी:राखी गौतम



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा के श्रीनाथपुरम सी स्थित सरकारी स्कूल की जर्जर अवस्था को देखकर राजस्थान प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी की महासचिव राखी गौतम की अगुवाई मे यहां झालावाड़ जैसा हादसा ना हो इसलिए सांकेतिक रूप से सरकार को चेताया गया। बच्चों को हेलमेट पहनाया जिससे हादसा होने की स्थिति में बच्चो के सिर पर चोट नहीं लगे। राखी गौत्तम ने कहा कि बीते दिनों में 25 जुलाई को झालावाड़ जिले मे हृदयविदारक हादसा हुआ था। लेकिन फिर भी सरकार की आंखे नहीं खुली,राजस्थान के सरकारी विद्यालयों में मरम्मत कार्य अभी तक शुरू नहीं किए गए ।

**सरकारी लापरवाही के शिकार न बने बच्चे।**

सरकार की तरफ से इस दशा को देखते हुए लगता है कि बच्चों को अपनी सुरक्षा खुद ही करनी पड़ेगी सरकार के भरोसे रहे तो सरकारी लापरवाही के चलते जान जाने का खतरा हमेशा बना रहेगा। राखी गौतम ने बताया की इस सरकारी स्कूल मे 12 तक के छात्र छात्राएं पढ़ती है विद्यालय मे छोटे-छोटे मासूम बच्चे स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं लेकिन उनके सर पर जान लेने वाला साया मंडरा रहा है , कक्षाओं की छतो से प्लास्टर गिर चुका है सरिये तक नजर आने लगे है लेकिन फिर भी सरकार सो रही है। सबसे बड़ी बात तो यह है की खुद शिक्षा मंत्री कोटा के निवासी है फिर भी एसी घटनाओ का सामना करना पड़ रहा है । शिक्षा मंत्री जी एक बार तो सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण करके तो देखे क्या स्थिति हो गई है । शिक्षा मंत्री जी को उद्घाटन और फीता काटने से फुर्सत मिले तो कुछ काम हो। झालावाड़ जिले मे सात मासूमों की मौत के अगले दिन ही फूलों, मालाओं से शिक्षा मंत्री जी खुद का स्वागत करवा रहे थे पिता काटने और स्वागत समारोह से फुर्सत मिले तो धरातल पर बिगड़ी शिक्षा व्यवस्था और जर्जर भवनों की सुध लेने का समय निकले। साथ ही मीडीया पर बयान देते है कि मैं अपनी जेब से पैसा दूं क्या। जबकि ऐसी स्थिति में स्कूली बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ होता है तो जेब से भी पैसे देने पड़े तो देने चाहिए। प्रतिनिधियों की आंखे बंद है , विद्यालयों में छात्र: छात्राओं को सुरक्षित करने के प्रति ध्यान नहीं है । इस दौरान स्थानीय पार्षद अनुराग गौतम, महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम, प्रफुल्ल पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष जयेश श्रंगी , जिला कॉंग्रेस कमेटी पदाधिकारी दीपक नागर, योगेश विजय, मंडल अध्यक्ष मनीष भारद्वाज, प्रेमराज पालीवाल , धर्मवीर मेघवाल, शहजाद खान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाडा , यूथ कॉंग्रेस पदाधिकारी स्वप्निल शर्मा, आशीष गुर्जर , सहित श्याम गौतम भवानी शंकर गुर्जर , रामबाबु सैन , रामकिशन नायक , छात्रसंघ अध्यक्ष अर्पित जैन, जगदीश मेहरा, गौरव योगी, हिमांशु राउत, मोहित नामा, अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तांकली बांध विस्थापितों का जल सत्याग्रह शुरू, 7 गांवों के ग्रामीणों ने उठाई पुनर्वास की मांग

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी( प्रमोद राठौर )।** तांकली बांध से प्रभावित सात गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने बुधवार को प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जल सत्याग्रह शुरू कर दिया। आंदोलन की अगुवाई महिलाओं ने की, जिन्होंने नदी में उतरकर हाथों में तख्तियां थाम लीं और सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से केवल आश्वासन मिलते आए हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

प्रदर्शन को देखते हुए रामगंजमंडी, चेचट, मोड़क और सुकेत थानों से 100 से अधिक पुलिस जवानों को मौके पर तैनात किया गया। साथ ही, सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएसएफ की टीम ने नाव से नदी में गश्त भी शुरू की । हालात की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम चारु वर्मा और डिप्टी घनश्याम मीणा भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में वर्ष 2020 के बाद 18 वर्ष की आयु पार कर चुके युवाओं को भूखंड आवंटित करना, प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लोगों को लाभ दिलाना, और खेतों का अतिरिक्त मुआवजा शामिल है। ग्रामीणों का कहना है कि विस्थापन के बाद न तो पूर्ण पुनर्वास किया गया और न ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। प्रदर्शन के दौरान जब महिलाएं बांध की ओर बढ़ने लगीं, तो पुलिस ने उन्हें रस्सियों से रोकने का प्रयास किया, जिससे कुछ देर के लिए तनावपूर्ण स्थिति भी उत्पन्न हुई।

हालांकि, कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। डिप्टी घनश्याम मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को उपखंड कार्यालय में ग्रामीणों के साथ बैठक की गई थी, जिसमें उनकी मांगों को लेकर प्रशासन ने लिखित में आश्वासन दिया है और प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है। बावजूद इसके, कुछ ग्रामीण तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर जल सत्याग्रह पर उतर आए।

ग्रामीणों का कहना है कि यह आंदोलन अब केवल भूखंड या मुआवजे की लड़ाई नहीं है, बल्कि अपने अधिकार और सम्मान की मांग है। यदि जल्द ही कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## सरकारी कॉलेज के छात्रों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी ( नि.स. )।** रामगंजमंडी सरकारी कॉलेज के छात्रों ने आज प्राचार्य संजय गुर्जर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में छात्रों ने बताया कि हमारी सालो से चली आ रही पीजी की समस्या को लेकर हमने कही बार शिक्षा विभाग में ज्ञापन दिए परंतु हमारी समस्या को सरकार द्वारा नकारा जाता है ज्ञापन में मुख्य मांगे रखी गई जिसमें हिंदी ओर भूगोल में विषयों में पीजी किया जाए महाविद्यालय में विज्ञान संकाय का अध्ययन शुरू किया जाए और 1998 संचालित सरकारी कॉलेज में पहले जिन विषयों में पढ़ाई होती थी आज सालो बाद भी उन्हीं विषयों में पढ़ाई होती है छात्र चाहते है कॉलेज को यूजी से पीजी में क्रमोन्नत किया जाए। महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष संस्कार मीणा के नेतृत्व में कही छात्रों ने आज ज्ञापन सौंपा मीणा ने बताया कि हमें हमेशा निराशा मिलती है छात्रों के ज्ञापन रद्दियो में जाते है कोई सुनवाई नहीं होती है इस पर सरकार को मंथन करना अत्यन्त आवश्यक है और जल्द से जल्द सालो से आ रही समस्या का निराकरण होना चाहिएं। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेश मीणा ने स्थानीय नेताओं को जिम्मेदार बताया है उन्होंने बताया कि यहां स्थानीय नेताओं का कॉलेज के प्रति रुचि नहीं है इन्होंने कभी छात्रों की मांगों को सरकार तक नहीं पहुंचाई है सालो से छात्र प्रयास कर रहे है फिर भी महाविद्यालय को पीजी नहीं किया गया रामगंजमंडी क्षेत्र के हजारों छात्र अध्ययन करके अन्य कॉलेज में चले जाते है उन सभी की आशाएं रामगंजमंडी ओर राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से है मदन दिलावर ने कांग्रेस सरकार में विधायक थे तब कॉलेज पीजी का मुद्दा उठाया था अब वे खुद मंत्री पद पर है उन्हें छात्रों की सालो की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए और उनके क्षेत्र का कॉलेज है उन्हें पीजी करवाना चाहिए छात्रों की आशा है प्रथम मंत्री 1998 में रामकिशन जी बने थे और दूसरे मंत्री मदन दिलावर बने है इनके कार्यकाल में पीजी होगा तो सालो से आ रही छात्रों की समस्या का समाधान होगा। सरकारी कॉलेज में आज ज्ञापन देने वाले छात्र में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष संस्कार मीणा,छात्रसंघ उपाध्यक्ष हिमांशु नागर, छात्रनेता राहुल गुर्जर,ब्रजेश, रागिनी , कोमल , अन्नू समेत कही संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रही।

# सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने मौसमी बीमारियो की रोकथाम के लिये दिये निर्देश

## विभागीय योजनाओं को वंचित परिवारो तक पहुंचाने का किया आव्हान



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मानसून के दौरान हुई बारिश के मध्येनजर बस्तियों के आस - पास जल भराव को चिन्हीत कर उचित विधा से उपचारीत करें साथ ही स्थानीय निवासीयो के सहयोग से मच्छरा रोधी उपाय सुनिश्चत करे। यह निर्देश सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने कुम्भलगढ़ में आयोजित ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक में दिये।उन्होंने गांवो में कार्य कर रही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं सीएचओ को निर्देशित किया कि वे मौसमी बीमारियों को लेकर सजग रहे तथा आशा सहयोगिनीयों के साथ नियमित क्षेत्र के भ्रमण पर रह कर गैर संचारी रोगो की रोकथाम के लिये जारी सर्वे कार्य के साथ ही विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं को वंचित परिवारो तक पहुंचाये। उन्होंने संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पंजीकरण को लेकर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम में पुरूशो की सहभागिता बढ़ाने अभी से गंभीरता से लेते हुए शत प्रतिशत उपलब्धी प्राप्त करने के लिये प्रेरीत किया। उन्हांने आमजन को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा समन्वय से कार्य करने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण की शत प्रतिशत जियोटेगिंग करने के लिये निर्देशित किया।

# राजसमंद ने फ्लैगशिप योजनाओं में राज्य में हासिल किया प्रथम स्थान



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के नेतृत्व में राजसमंद जिले ने विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने बताया कि इन योजनाओं में नवीन परिवारों को एनएफएसए से लाभान्वित करना, कुसुम योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), स्वामित्व योजना, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जल जीवन मिशन, पंचगव्य योजना, लखपति दीदी, सोलर दीदी, ड्रोन दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, वितरण क्षेत्र संशोधित योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, अटल ज्ञान केंद्र, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, अटल प्रगति पथ, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मिशन हरियालो राजस्थान, अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना शामिल हैं।जिला कलक्टर श्री हसीजा ने इस उपलब्धि पर जिले के सभी विभागों और कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि इस उपलब्धि को बनाए रखते हुए जिले के विकास और जनकल्याण में और अधिक प्रभावी कार्य किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

# निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत

## ऑपरेशन के दौरान गलत नस काटने का आरोप, धौलपुर में एक माह में दूसरी घटना; एसपी को शिकायत

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिला मुख्यालय पर अवैध रूप से चल रहे निजी अस्पताल प्रसूताओं के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं। एक माह में दूसरी प्रसूता की मौत का मामला सामने आया है। देर रात हुई इस घटना में परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर ऑपरेशन के दौरान गलत नस काटने का आरोप लगाया है। मृतक प्रसूता सपना (23) हरि सिंह का पूरा थाना नादनपुर की निवासी थी। उसके पति बचन सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए बाड़ी अस्पताल गया था। वहां से उसकी पत्नी को रेफर कर दिया गया।

इस दौरान एम्बुलेंस ड्राइवर बबलू पंडित ने परिजनों को गुमराह करते हुए रात के समय प्रसूता को शहर के मेट्रो निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से 25 हजार रुपए मांगे। परिजनों ने 18 हजार रुपए जमा करा दिए।

परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर ने प्रसूता की गलत नस काट दी। इससे प्रसूता की तबीयत बिगड़ गई। डॉक्टर राजेंद्र गोयल ने प्रसूता को इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

### दो लाख रुपए देने की कोशिश का आरोप

परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद डॉक्टर ने मामले की रिपोर्ट न करने के लिए उन्हें 2 लाख रुपए देने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने रुपए लेने से इनकार कर दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन में 9 दिन शेष...

# सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड होगी, शारीरिक शिक्षक बरत रहे लापरवाही

## आरएसी मैदान में भरा पानी और उगी घास, यहीं होना है स्वतंत्रता दिवस समारोह

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** 15 अगस्त 2025 को भारत देश अपनी 79वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ मनाएगा। जिसे लेकर पूरे देश में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इस पर्व को पूरी राष्ट्र भक्ति व स्वाभिमान से मनाने के लिए भारत सरकार हर घर तिरंगा जैसे बड़े अभियान चला रही है। धौलपुर जिले में भी स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी चल रही है, जिसके तहत 15 अगस्त को आरएसी लाईन मैदान पर जिला प्रशासन की ओर से आजादी के उत्सव के तर्ज पर भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्कूली छात्र रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व परेड में अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे। कार्यक्रमों के सफल आयोजन व स्कूली छात्रों को प्रदर्शन पूर्व अभ्यास कराने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से 50 शारीरिक शिक्षकों को अभ्यासी के रुप में नियुक्त किया गया है। जिन्हें रोजाना सुबह 8.30 से 11.30 बजे तक आरएसी लाइन मैदान व एक बालिका सरकारी विद्यालय और दो निजी विद्यालयों के स्कूली छात्रों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अभ्यास कराना है। लेकिन 3 अगस्त को मुख्य शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कार्यालय से आदेश निकलने के बाद भी कई शारीरिक शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह बने हुए है, जो आदेशित समयानुसार तय स्थानों पर नही पहुंच रहे है। संवाद्दाता ने सुबह 9 बजे आरएसी मैदान पर अभ्यास सत्र में मौजूद शारीरिक शिक्षकों की मौजूदगी का पता लगाया तो मौके पर महज 18 शारीरिक शिक्षक उपस्थित मिले। जिसमें 13 पुरुष शारीरिक शिक्षक व 5 महिला शारीरिक शिक्षिका थीं। बाकी शारीरिक शिक्षक मौके से नदारद थे। जबकि आरएसी मैदान पर स्कूली छात्रों को अभ्यास कराने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से 50 शारीरिक शिक्षकों को तैनात किए गए है। ऐसे में आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि शारीरिक शिक्षक आजादी के पर्व को लेकर कितने गंभीर व संजीदा है, जिन्हें शिक्षा विभाग ने स्कूली छात्रों को अभ्यास कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। शिक्षा विभाग के आदेश सिर्फ कागजों पर दौड़ रहे है, जमीनी स्तर पर सच्चाई कुछ ओर है। जिसका पूरा लाभ शारीरिक शिक्षक उठा रहे हैं। आरएसी लाइन मैदान पर अव्यवस्थाओं का बुरा हाल... स्वतंत्रता दिवस के दिन हर साल आरएसी लाइन मैदान पर जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें मुख्य अतिथियों के आतिथ्य में ध्वजारोहण व वीरों को सम्मान कराया जाता है। लेकिन आरएसी मैदान अभी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार नही है।

### इनका कहना

-आरएसी लाइन पर अभ्यास सत्र के दौरान जो भी शारीरिक शिक्षक गैर मौजूद था, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभाग की ओर से कारण बताओ नोटिस भी दिया जाएगा।

**बृजेंद्र सिंह, उप जिला शिक्षा अधिकारी ( शारीरिक शिक्षा ) धौलपुर**

- अभी मुझे जानकारी नही है, प्रभारी से जानकारी कर जानकारी दे पाऊंगी। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। -

**सुक्खो देवी रावत,**
**जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर**

# 23 साल बाद घर-घर जाकर बीएलओ करेंगे वोटर्स का वेरिफिकेशन

## बाड़ी में बनेगी नई वोटर लिस्ट, सभी बूथों के बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशों पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने पंचायत समिति सभागार में उपखंड के सभी पटवारी, भू अभिलेख निरीक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ यह बैठक की। बैठक में एसडीएम ने सभी भू अभिलेख निरीक्षकों और पटवारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किए जाने वाले वोटरों के सत्यापन कार्य में सहयोग करें। साथ ही राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार आवश्यक दस्तावेजों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करें।

### पटवारी-वीडीओ बनेंगे बीएलओ

तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें बूथ लेवल अधिकारी, शिक्षक, ग्रामीण क्षेत्र के हल्का पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, वॉलंटियर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं।

# 101 शिक्षको को मिलेगा शिक्षक गौरव सम्मान

## अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की पूर्व सध्या पर राजधानी जयपुर में मिलेगा सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा भारत की प्रतिष्ठा, भारत की शक्ति, भारत के पंचशील सिद्धान्तो को वैश्विक स्तर पर बढाने के प्रयास में 192 राष्ट्रो की प्रेरणा से वसुधैव कुटुम्ब्कम्, विश्व बंधुत्व एकामहे के लिए समरसता, ग्लोबल विल्लेज पर अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षक सम्मेलन एंव विचार प्रजेंटेशन का भव्य कार्यक्रम रखा जा रहा है। मंच के बोर्ड सलाहकार सदस्य जम्बद्दीप पदम श्री अवार्डी डॉ0 विनोद कुमार शर्मा शिक्षाविद ने बताया क 25 राष्ट्रो (भारत, नेपाल, भुटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रिया, क्रोएटिया, फिनलैण्ड, तुनिशियाँ, जर्मनी, ईराक, इजराईल, मैकड़ोनिया, मोरक्को, नीदरलैण्ड, नाईजीरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल ड़ेनिश, श्रीलंका, मालदीव, किर्गिजस्तान, फिलस्तीन, फिजी) के राष्ट्र ध्वजो के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चयनित शिक्षको का शिक्षक दिवस समापन कार्यक्रम में शिक्षक गौरव अवार्ड से अभिनन्दन किया जायेगा। मंच के मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ने बताया की सम्पूर्ण राजस्थान से शिक्षको के नाम प्रस्तावित होकर आ रहे है। जिसमें से मंच की चयन समिति संयोजक डॉ. मदन लाल कुलपति केपीटल विश्व विद्यालय झारखण्ड द्वारा सभी प्रस्तावो पर गहनता से अध्ययन कर कमेटी को प्रतिभा सुची मे नाम सम्मलित करने हेतु भेजा जा रहा है। आज दिनांक तक 500 से अधिक नाम प्रस्तावित होकर मंच को प्रेषित किये जा चुके है। जम्बुद्दीप पदम श्री अवार्डी राजन सरदार ने बताया कि नेपाल सरकार के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानन्द झा के सानिध्य में शिक्षको का अभिनन्दन किया जायेगा। स्व: पोषित वित्तिय व्यय योजना के अन्तर्गत चयनित प्रतिभाओ को नेपाल की राजधानी काठमाण्डौ में दिनांक 27 से 28 दिसम्बर को 192 राष्ट्रो के सम्मेलन में आमन्त्रित किया जायेगा। कार्यक्रम में शिक्षाविदो द्वारा अपने विचारो का प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य- भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्न उत्थान हो, भारत पुन: वैदिक कालीन जगत गुरू के आसन पर पद् स्थापित हो, भारत को सुरक्षा परिषद् में विटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता मिले, अयोध्या को संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय बनाया जावे। सम्मानीय शिक्षको का मुख्य द्वार पर वैदिक मंत्रोचारो द्वारा अगवानी की जावेगी।

# खेल संघो ने किया जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत व सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** फुटबॉल संघ, राजसमंद टेनिस बॉल क्रिकेट संघ व राजसमंद जिला बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारियो ने राजसमंद जिले मे पद भर ग्रहण करने वाले नव जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत व सम्मान करते हुए शिष्टाचार भेंट की। संघ के सचिव नितिन तिवारी ने बताया की फुटबॉल संघ के सचिव कुलदीप सिंह राजावत, जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव दीन दयाल त्रिवेदी, राजसमंद ऋत्नक्ङ्ग फुटबॉल संघ व राजसमंद टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के नितिन तिवारी व कुश्ती के कोच योगेंद्र सेन ने जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा बिहारी लाल व जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा गिरिजा शंकर मिश्रा का उपराना ओढ़ा कर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान करते हुए उनसे शिष्टाचार भेंट कर खेलो के विस्तार के बारे मे चर्चा की। इस दौरान दोनों जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ऋत्नक्ङ्ग, बास्केटबॉल व टेनिस बॉल क्रिकेट के जिले मे अब तक की उपलब्धि के बारे मे संघ के पदाधिकारियो से विस्तार से जानकारी ली गई तथा संघ की उपलब्धियों पर उन्होंने मुक्त कंठ से प्रशांसा की गई। साथ ही इन खेलो के अच्छे खिलाडी स्कूली खेल मे कैसे तैयार हो इस पर चर्चा की गई।

# पंचायत राज विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

## विभाग की दमनकारी नीतियों और पदाधिकारियों के खिलाफ जाँच आदेशों का विरोध

## पुकार कार्यक्रम के तहत पहले दिन दिया विकास अधिकारी को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( राजू शर्मा )।** राजस्थान पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन द्वारा आज 6 अगस्त से मंत्रालय कर्मचारी और उनके नेतृत्व कर्ताओं पर जांच एवं दमन दमनकारी कार्रवाई के विरोध में आंदोलन की शुरुआत की है। यह आंदोलन पुकार कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। जिसमें प्रथम दिन भगवान गणेश की पूजा अर्चना के बाद उपखंड मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन के बाद पंचायत समिति के विकास अधिकारी को ज्ञापन सोपा है। मंत्रालय कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेश कुमार गुर्जर ने बताया की पंचायती राज विभाग मंत्रालय कर्मचारियों की जायज मांगों पर तो कोई ध्यान नहीं दे रहा। आज तक नॉर्म्स के अनुसार ना तो पदोन्नति दी गई,ना कोई जॉब चार्ट मिला,उल्टे मांगो को पूरा करने की बजाय अब विभाग कर्मचारी और उनके आंदोलन का नेतृत्व करने वाले पदाधिकारी के खिलाफ जांच और दमनकारी कार्रवाई कर रहा है। जिसको लेकर आज छह अगस्त से आंदोलन और विरोध की शुरूआत की है। प्रथम दिन भगवान गणेश के आगे दीप प्रज्वलित कर सभी कर्मचारियों ने पूजा की और विभाग द्वारा जारी जांच के अपमान करने वाले आदेशों को भगवान के समक्ष आहूत कर दिया। इसके बाद पंचायत समिति के विकास अधिकारी को ज्ञापन सौपा है।

# सीसी सड़क निर्माण में फर्जीवाड़ा, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## बिना काम कराए ही उठा लिए 5 लाख, पेंटर पट्टिका लिखने पहुंचा तो पता चला



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर/सैंपऊ ( राजू शर्मा )।** सैंपऊ उपखंड की ग्राम पंचायत कूंकरा मांकरा में विधायक कोटे से स्वीकृत सीसी खरंजा निर्माण कार्य में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। स्वीकृत स्थान पर काम कराए बिना ही भुगतान उठा लिया गया है।

बुधवार को जब पेंटर गांव खपरैला में कार्य की पूर्णता पट्टिका लिखने पहुंचा, तब स्थानीय लोगों ने उसे घेर लिया। ग्रामीणों ने देखा कि पट्टिका पर सीसी खरंजा मय नाली लखन के घर से बैनीराम के घर की ओर लिखा जा रहा था। उन्होंने आपत्ति जताई कि निर्माण कार्य शुरू भी नहीं हुआ है और पूर्णता पट्टिका लिखी जा रही है।

पेंटर ने बताया कि उसे सरपंच के द्वारा यह काम सौंपा गया था। इस पर ग्रामीणों ने सरपंच के शर्मा के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। उनका आरोप था कि गांव के लोग बाड़ी विधायक जसवंत सिंह से कार्य स्वीकृत कराकर लाए थे।

जिस स्थान के लिए कार्य स्वीकृत था, वहां सरपंच ने मिट्टी तक नहीं डलवाई। फिर भी कार्य को पूर्ण बताते हुए 5 लाख की कुल स्वीकृत राशि में से 4,99,699 रुपए खर्च कर दिए गए हैं। ग्रामीण पेंटर द्वारा लिखी

### कार्य पूर्णता पट्टिका देखकर हैरान रह गए।

ग्रामीण भंवर सिंह, बबलू, विनीत, निरंजन, महेंद्र, धोनी, चरण सिंह, मदन सिंह, चंद्रभान, मोहित, दुष्यंत, मनोज, पोप सिंह, हाकिम और विजय ने बताया कि विधायक कोटे से स्वीकृत कार्य की एजेंसी स्थानीय ग्राम पंचायत थी। सरपंच ने संबंधित जगहों पर कार्य करने के बजाय फर्जी तरीके से कार्य पूर्ण होना बताकर 4,99,699 रुपए का भुगतान उठा लिया है। इस मामले में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और जिला परिषद सीईओ से जांच कराने की मांग की है।

### कार्य का विवरण

सीसी खरंजा कार्य मयनाली लखन के घर से बैनीराम के घर की ओर खपरैला, एमएलए-एलएडी योजना के तहत 2025-26 में स्वीकृत किया गया था। प्रशासनिक स्वीकृति 30 मई 2025 को और वित्तीय स्वीकृति 13 जून 2025 को दी गई थी। स्वीकृत राशि 5 लाख रुपए थी, जिसमें से 4,99,699 रुपए खर्च दिखाए गए हैं। कार्य संस्था ग्राम पंचायत कूंकरा मांकरा थी। कार्य 22 जून 2025 को शुरू होकर 6 जुलाई 2025 को पूर्ण होना दर्शाया गया है।

# देश में उभरते विश्वविद्यालय का खिताब प्राप्त कर संगम विश्वविद्यालय बना राजस्थान में शैक्षणिक गतिविधियों का अग्रणी केंद्र

## नवाचार ही शिक्षा का भविष्य - कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** संगम विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में देश-विदेश में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर राजस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। हाल ही में विश्वविद्यालय को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी बॉम्बे द्वारा राष्ट्रीय भू-स्थानिक पुरस्कार 2025 के तहत उभरते विश्वविद्यालय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान देश की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज़ में से संगम विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ, जो राजस्थान से यह पुरस्कार पाने वाला एकमात्र संस्थान है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) करुणेश सक्सेना और भू-सूचना विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लोकेश कुमार त्रिपाठी ने मुंबई में यह सम्मान ग्रहण किया। प्रेस वार्ता में कुलपति प्रो. सक्सेना ने बताया कि आईआईआरएफ रैंकिंग 2024 में संगम विश्वविद्यालय को देशभर में 37वां और राजस्थान में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जो संस्थान की निरंतर प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के बदलते परिदृश्य में नवाचार आवश्यक है और संगम विश्वविद्यालय इसी दिशा में सतत कार्य कर रहा है।

### नवाचार और अनुसंधान की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि

संगम इन्क्लूसिव टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर (आईटीबीआई) के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (डीएसटी), भारत सरकार ने ?4.33 करोड़ की परियोजना की अनुशंसा की है। साथ ही विश्वविद्यालय की फैकल्टी द्वारा 120 से अधिक पेटेंट और 750 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए जा चुके हैं। प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) मानस रंजन पाणिग्रही ने बताया कि विश्वविद्यालय *राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020* के अनुरूप विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल, दक्षता और व्यावसायिक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु तैयार कर रहा है। नवनियुक्त रजिस्ट्रार डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी कोर्स यूजीसी व संबंधित नियामक संस्थाओं से मान्यता प्राप्त हैं, और देशभर से विद्यार्थी, फैकल्टी व स्टाफ विश्वविद्यालय से जुड़ रहे हैं। प्रेस वार्ता में विभिन्न संकायों के डीन, डिप्टी डीन, डायरेक्टर, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीआरओ डॉ. राजकुमार जैन ने किया और अंत में सभी पत्रकारों व संपादकों का आभार व्यक्त किया गया।

### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलताएं

पिछले वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा ब्रिटेन, वियतनाम, मलेशिया, दुबई, बांग्लादेश सहित कई देशों की यूनिवर्सिटी और संस्थानों जैसे इसरो स्टार्ट 2025, एनआईएसएम, गिरनार सॉफ्ट, ग्लोबल आईटी प्रोवाइडर आदि से एमओयू किए गए। ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित राष्ट्रीय बिजनेस सिमुलेशन गेम्स में विश्वविद्यालय के छात्रों ने चैंपियन और रनर-अप का खिताब जीतकर देशभर की 450 से अधिक यूनिवर्सिटीज़ को पीछे छोड़ा। विजेता टीम में नवांश जागेटिया, प्रियांशु राठी, नीति व्यास रहे, जबकि उपविजेता टीम में नंदिनी टिबरेवाल, कुमकुम शर्मा, आर्यन साहनी और दीपक यादव शामिल थे।




# पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारियों ने श्री गणेश का हवन-पूजन कर पुकार अभियान 2025 का आगाज किया

## पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ कपासन ने विभाग द्वारा जारी आदेश की प्रतियों की आहुति दी

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** पंचायती राज मंत्रालयिक कार्मिकों एवं नेतृत्व पर दमनात्मक कार्यवाहियां तत्काल बंद करने एवं अपनी मुख्य पांच मांगों के सम्बन्ध में किये गये प्रयासों को अनदेखा करने से नाराज मंत्रालयिक कार्मिकों द्वारा ब्लॉक क्षैत्र कपासन कार्यरत पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा बुधवार को भगवान श्री गणेश का पुजन-हवन कर पुकार अभियान-2025 का आगाज किया गया। पंचायत समिति कपासन सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं उक्त अभियान संरक्षक कैलाशचंद्र गर्ग ने बताया कि पंचायत समिति कपासन ब्लॉक स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ कपासन द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में पदस्थापित 16000 मंत्रालयिक कर्मचारियों की कैडर रिव्यू एवं स्वतंत्र जॉब-चार्ट की मांग पर व्यथा,न्याय मांगने पर प्रतिद्वंद्वी संगठन के अनैतिक हथकण्डों एवं इशारों मात्र पर 2013 के नियुक्त कार्मिकों के वैद्य दस्तावेजों की बार बार जांच करा नाहक ही परेशान किया जा रहा है। जबकि उक्त मामलों की जांच पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में विभाग के तीन-तीन आईएएस अधिकारियों के निर्देशन में करवा चुकी है। जिसने शिकायत को सारहीन एवं निराधार पाया गया। गौरतलब है कि पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारियों की उक्त मांगों को गम्भीरता से नही लेने से आक्रोशित मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा भगवान श्री गणेश का पुजन-हवन कर सरकार को सदबुद्धि हेतु आन्दोलन के संकेत सूचक गतिविधि पुकार अभियान-2025 का सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं पंडित कैलाशचंद्र गर्ग द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचायत समिति के स्वतंत्रता सैनानी स्मारक के पास प्रारंभ किया गया। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा हवन में विधिवत औषधीय हवन सामग्री एवं देशी घी की आहुतियां देकर भगवान श्री गणेश को प्रसन्न किया गया। साथ ही हवन में पंचायती राज विभाग द्वारा जारी प्रताड़ना उद्धेष्यपरक जांच कमेटी गठन आदेश की प्रतियों की आहुती दी गयी। इस दौरान लोकेश गौड़, किशन जाट, आशीष शर्मा, सुरेन्द्र विजय, विष्णुगिरी गुसाई, भारत खिंची, बृजेश जायसवाल,देवेन्द्र प्रजापत, गोपाललाल गौड़, देवीलाल जाट, ललिता त्रिपाठी, देशबंधु जोशी, अनिता विजय, जितेन्द्र भट्ट, कैलाश जाट, लक्ष्मीलाल जाट, नारायणलाल जाट, श्यामलाल बैरवा, बाबुलाल शर्मा, मदनलाल खटीक आदी पंचायती राज मंत्रालयिक कार्मिकगण उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पीसीसी पहुंचकर डोटासरा से संवाद

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** पूर्व बेगू विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में बेगू विधानसभा के कई कार्यकर्ता पीसीसी पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बतौर प्रदेश अध्यक्ष लगातार 5 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। पीसीसी में बेगूं (चित्तौड़गढ़) से पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बिधूड़ी जी के नेतृत्व में आए कई कार्यकर्ताओं से मुलाकात एवं संवाद किया।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का जोश और सामूहिक ऊर्जा संगठन की जड़ों को गहरा करके जन-जन तक कांग्रेस के विचार पहुंचाने के लिए समर्पित है। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता लामबद्ध होकर आने वाले स्थानीय पंचायती और नगर निकाय चुनावो में कांग्रेस को विजय बनाए। वही बेगू के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी ने कहा कि हम सभी राहुल गांधी जी से विनती करते हैं अगले 5 साल और आपको प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखें। बेगू विधानसभा का हर छोटा बड़ा कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, रीति नीति और राहुल गांधी जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इस बार प्रदेश और देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार फिर बनेगी। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव रंजना लाड़,ब्लॉक अध्यक्ष कालू लाल भील,नगर अध्यक्ष शंकर बुनकर, ललित बैरागी, मंडल अध्यक्ष कमल बोहरा, पंकज जैन, विश्वजीत सिंह, कानाराम भील, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रशीद सागर, मुन्ना तिवारी, सुरेश रोहलन, मुनाफ खान, पार्षद मेहरुन्निशा, कय्यूम अब्बासी ,पारस गुर्जर, राणा पूजा भील समाज अध्यक्ष अमरलाल भील, ब्लॉक प्रवक्ता अजय सोनी, सरपंच प्रभु लाल मेघवाल, पंडित ताराचंद, दुधाराम गुर्जर, सोशल मीडिया मन्नू खान, अनस रंगरेज, गुर्जर, बिंजा गुर्जर, दुर्गेश सेन, संदीप लौट, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आज राजकीय विद्यालय बनाकियाखुर्द में रंगोली प्रतियोगी का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षैत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बनाकियाखुर्द में शिक्षा विभागीय निर्देशानुसार तीन दिवसीय हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे विद्यार्थियो द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया जा रहा है। राजकीय विद्यालय बनाकियाखुर्द प्रधानाध्यापक हजारीलाल रेगर ने बताया कि शिक्षा विभागीय निर्देशानुसार विद्यालय में तीन दिवसीय हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें विद्यार्थियो हेतु मंगलवार को निबंध तथा बुधवार को चित्रकला एवं आज गुरुवार को विद्यार्थियो हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

उक्त तीन दिवसीय हर घर तिरंगा कार्यक्रम में विद्यार्थियो द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभागी बन भाग लिया जा रहा है।साथ ही विद्यालय परिवार द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षक श्यामलाल भील,दिलीप सिंह गहलोत,शिक्षिका सुनीता कुमारी बैरवा,सुनील खरवास,सुप्रिया राव, हेमलता दाधीच आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आज कपासन की कच्ची बस्तियों में विशेष सफाई अभियान

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** कपासन -हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिसर में बुधवार को रंगोली गतिविधि का आयोजन किया गया। नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान तीन फैज में आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका कपासन में बुधवार को तिरंगा कलर थीम पर रंगोली बनाई गयी।

नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली ने बताया कि उक्त अभियान के अंतर्गत 7 अगस्त गुरूवार को निकाय क्षेत्र में स्थित कच्ची बस्तियों में विशेष सफाई अभियान का संचालन कर आमजन को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया जायेगा। इस मौके पर नपा वरिष्ठ सहायक रामप्रसाद गायरी, गोपाल सुथार,कनिष्ठ सहायक ललितेन्द्र कुमार शर्मा,रिया गर्ग, सचिन सोनवाल, चन्दा चनाल, सहायक कर्मचारी शान्तिलाल खटीक,जानकीलाल माली, हीरालाल शर्मा, प्रियंका गर्ग,प्राची डिडवानिया, सुनिता शर्मा, राजकुमार खटीक आदि नपा कार्मिक उपस्थित रहे।

# किसान संघ की बैठक हुई संपन्न सरकार की उदासीन नीति पर हुई चर्चा

## किसान संघ ने मांगों को लेकर मुख्य मंत्री,कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के भारतीय किसान संघ की तहसील स्तरीय बैठक चौमहला कृषि उपज मंडी स्थित गणेश मंदिर में ईश्वर सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिसमें गंगधार तहसील के किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया और विशेषरूप से सरकार की किसानों के प्रति दिखाई जा रही उदासीनता पर चर्चा की गई ,बैठक को तहसील प्रभारी पीरु सिंह ,बबलू सिंह ,अध्यक्ष ईश्वर सेन ,कृष्ण पाल सिंह , शंभू सिंह ने संबोधित किया। बैठक के पश्चात भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसान संघ के पदाधिकारियों व उपस्थित किसानों ने मुख्यमंत्री व झालावाड़ जिलाधीश के नाम 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

किसान संघ ने दिए 6 सूत्रीय ज्ञापन में बताया कि 2024 में खराब हुई खरीब की फसलों का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया हे उसे शीघ्र ही दिलाया जाय ,सरकार द्वारा बिजली विभाग का निजीकरण किया जा रहा हे , इसे रोका जाय, किसानों की फसल का लागत के अनुसार लाभकारी मूल्य निर्धारित किया जाय व सारी फसलें खरीदी जाय ,वही दूध का उचित मूल्य मिले ऐसी नीति बनाई जाय ,सरकार की महत्व पूर्ण घर घर जल योजना से कई गांवों वंचित हे और जहां तक पहुंची हे उनमें पानी नहीं पहुंच रहा हे ,इसकी जांच की जाय ताकि घर घर जल पहुंच सके ,साथ ही प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना किसान हितैषी बनाई जाने की मांग की गई हे साथ चेतावनी दी है कि समय रहते किसान संघ की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसान संघ भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाब दारी प्रशासन की होगी।

बैठक में कृष्ण पाल सिंह लाल सिंह शंकर सिंह सूरज सिंह सूरज सिंह दिलीप सिंह दशरथ सिंह दीपक राठौड़ उमराव सिंह सरवन सिंह मेहरबान सिंह श्याम बिलखेड़ी एवं कई किसान शामिल रहे।

# नगर निगम का श्रावण मास में विशिष्ट आयोजन

## वार्ड 44 और 45 के हनुमान मंदिर व महादेव मंदिर में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम के छब्बीसवें दिन 2 वार्डों में महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ। वार्ड 44 में बडला चौराहे के आगे स्थित हनुमान मंदिर में एवं वार्ड 45 में रावला चौक महादेव मंदिर में पद्मश्री जानकी लाल भांड के सान्निध्य में सहस्त्रधारा अभिषेक हुआ। पंडित योगेन्द्र शर्मा एवं सहयोगी पंडितों ने अभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक ओम साईं राम, पार्षद प्रत्याशी यशोवर्धन सेन, रतन प्रजापत, पप्पू प्रजापत, कैलाश धाकड़, जगदीश सुथार, सोहन प्रजापत, प्रकाश, कमलेश, भंवर, सोहनी बाई, नीतू सारस्वत, कमला देवी, गीता प्रजापत, बद्री प्रजापत, गोविन्द सिंह शक्तावत, गोपाललाल सेन, घनश्याम सिंह शक्तावत, लादूलाल भांड, विश्वास सेन, राजेश कसारा, कैलाश जीनगर, शिवनारायण मराठा, रवि मराठा, शंकर जहाजपुरिया, नरेश अग्रवाल, राधेश्याम शर्मा, रिंकू सेन, कोमल सेन, शीला सेन सहित अनेक वार्डवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### आज वार्ड 43 व 52 में होगा सहस्त्रधारा अभिषेक

नगर निगम द्वारा आयोजित श्रावण मास सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम आज प्रातः 8 बजे वार्ड 43 में सालासर बालाजी मंदिर में और सायं 5 बजे वार्ड 52 के दादाबाड़ी मंदिर में आयोजित होगा।

# तलाई में डूबे घनश्याम का 24 घंटे बाद मिला शव

## बिन मां के तीन मासूम बच्चे हुए बेसहारा

बढ़ता राजस्थान





**जजावर (पदम शाह)।** कस्बे के झैंटाल माताजी की तलाई में मंगलवार को नहाते वक्त पानी में डुबे घनश्याम नायक (35) का शव आज दुसरे दिन सिविल डीफेंस की टीम ने तलाई मे सर्च ऑफरेशन चलाकर ढूंढ निकाला। आज अलसुबह करीब 6 बजे सिविल डीफेंस की टीम ने इस तलाई में बोट के सहारे तलाई के पानी को खंगालते हुए पानी मे हुक डालकर तलाशी शुरु की तो करीब तीन घंटे मे टीम को सफलता मिल गई एवं बोट के सहारे घनश्याम के शव को तलाई के किनारे ले आई । मृतक घनश्याम का शव मिलते ही पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए नैनवां उप जिला चिकित्सालय ले गई जहां शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया एवं मृतक के बड़े भाई की रिपोर्ट के आधार पर मृग दर्ज कर लिया।

### तीन बच्चों एवं मां का पालनहार था घनश्याम

मृतक घनश्याम को उसकी पत्नी कमलेशी बहुत काफी वर्ष पूर्व ही छोड़कर भाग गई थी तब से वो अपने तीन बच्चों लक्ष्मी(10), दीपू (8) एवं रिंकू (6) सहित मां सांजी (70) का मेहनत मजदूरी कर पालन कर रहा था लेकिन अब उसके चले जाने से मासूम बच्चे एवं वृद्ध मां बेसहारा हो गई । ज्योही मृतक का शव उसके घर पहुँचा तो उसके तीनो मासूम बच्चों की चीखें हर किसी को रुला रही थी। उधर इस घटना पर प्रशासक राम प्रकाश धाकड़, पूर्व सरपंच वीरेंद्रसिंह हाडा, भाजपा नैनवां ग्रामीण अध्यक्ष राधाकिशन सैनी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री दीक्षांत सोनी सहित कई लोगो ने इस घटना पर गहरी सवेंदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से हरसंभव इस परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया करवाने की मांग की है ।

# स्वाधीनता दिवस 2025 को लेकर उपखण्ड अधिकारी कपासन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** स्वाधीनता दिवस 2025 को गरिमापूर्ण तरीके से मनाने एवं सुनियोजित व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को उपखण्ड अधिकारी कपासन की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

जानकारी अनुसार उपखण्ड कपासन मुख्यालय पर आगामी स्वाधीनता दिवस गरिमापूर्ण तरीके से मनाने एवं उक्त अवसर पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के सफल संचालन को लेकर उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका की अध्यक्षता में उपखण्ड अधिकारी कार्यालय परिसर में क्षेत्रीय विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों की विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

# महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन काम से मुक्ति और मानसिक प्रताड़ना रोकने की मांग की

## महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को दिया मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान


**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी में एलएचवी एएनएम संघ से जुड़ी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री को ज्ञापन सौंपा है। उनकी मुख्य मांगों में ऑनलाइन डेटा एंट्री के काम से मुक्ति और काम के दौरान होने वाली मानसिक प्रताड़ना को बंद करना शामिल है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें बार-बार एक ही डेटा कई ऐप्स में फीड करना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें लगातार दबाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।

### उनकी प्रमुख मांगें

- ऑनलाइन डेटा फीडिंग का काम एएनएम की जगह पुरुष नर्स, सीएचओ या डेटा एंट्री ऑपरेटर से कराया जाए।
- एएनएम को नाइट ड्यूटी और कोल्ड चेन वैक्सीन के काम से मुक्त रखा जाए।
- छुट्टी पर जाने वाली एएनएम का काम सीएचओ या नर्सिंग ऑफिसर से करवाया जाए।
- लैब से जुड़े टेस्ट जैसे एचबी, ब्लड ग्रुप और यूरिन टेस्ट का काम लैब में कार्यरत कर्मचारियों से करवाया जाए।

कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे पूरे राज्य में काम का बहिष्कार करेंगी। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नफीसा बानो, जिला अध्यक्ष सोनाली गुप्ता ,निर्मला नामा, राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ संरक्षक पुरुषोत्तम लाल पारीक ,महासंघ अध्यक्ष सत्यवान शर्मा , जिला महामंत्री शबनम आरा , उर्मिला भील ,रेखा, सलमा बानो , , पोनम्मा, कंचन वर्मा , विल्ली मैथु , शिमला गोस्वामी सहित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रही ।

जब तक शिक्षा का मतलब नौकरी पाना है, तब तक समाज में नौकर ही पैदा होंगे मालिक नहीं।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का संकल्प एक पेड़ मां के नाम अभियान के बीच

# जिम्मेदार अधिकारियों ने कटवा डाले हरे भरे प्रतिबंध वृक्ष

### प्रदेश में चल रहे हरियालो राजस्थान अभियान की देवली के उपखंड अधिकारी और अधिशासी अधिकारी ने उड़ा दी धज्जियां



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** जहां हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेश सहित जिले भर में वृक्ष प्रेमियों द्वारा और सरकार की ओर से आए दिन पौधारोपण किया जा रहा है। वही देवली उपखंड अधिकारी और अधिशासी अधिकारी ने प्रतिबंधित हरे भरे वृक्षों की बलि ले ली है । एक और तो राज्य की भजनलाल सरकार पौधारोपण के साथ- साथ पौधों को वृक्ष बनाने तक के लक्ष्य का संकल्प दिलवा रही है । तो वहीं दूसरी ओर भजनलाल सरकार के ही अधिकारी फल फूल रहे हरे भरे वृक्षों को कटवाने की हटधर्मिता अपनाते हुए दिखाई दिए है। ऐसे में यहां यह सोचनीय विषय है कि जिन्ह जिम्मेदार अधिकारियों को वृक्षों की सुरक्षा और देखरेख के लिए जिम्मेदारी दी जाती है। आज यहां वही जिम्मेदार अधिकारी हरे भरे वृक्षों को नफरत की निगाहों से देखकर उन्हें जमीन से उखाड़ फेंकने की सोच पर कटवा रहे हैं। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा पौधारोपण करवाने जाने के लिए सरकारी एजेंसियों को लाखों के बजट के साथ पौधारोपण कार्यक्रम करवा कर सफल बनाने की जिम्मेदारी दी जाती है। तो वही इस कार्यक्रम में शामिल आमजन सहित वृक्ष प्रेमियों को इससे प्रेरणा मिलती है । वही यह भी बताया जाता है कि वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध दुरुस्त बनाए रखने मे कितने महत्वपूर्ण और कितने जरूरी है। इस पर सवाल यह उठता है कि पर्यावरण को शुद्ध बनाने में वृक्ष कितने महत्वपूर्ण और जरूरी है यह तो आमजन समझ पा रहा है। परंतु यहां नीम सफेदा और अन्य वृक्षों और पौधों को कटवाने वाले बेखौफ उक्त अधिकारी क्यों नहीं समझ पाए की पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने में वृक्ष उतने ही महत्वपूर्ण और जरूरी है। इस पर तो एक कहावत याद आई कि तुम करो तो पाप हम करें तो पाक साफ के बीच देवली उपखंड अधिकारी रूबी अंसार ने अपने आवासीय परिसर में लगे हरे घने वृक्ष नीम ,सफेदा इत्यादि किस्म के वृक्षों और पौधों को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के सहयोग से पूरी तरह कटवा दिए। यह मामला प्रकाश में आने के बाद जब उपखंड अधिकारी रूबी अनुसार को मीडिया द्वारा यह जानने के लिए फोन किया गया की उपखंड अधिकारी आवास परिसर बगीचे के हरे भरे वृक्षों को किस कारण से कटवाए जा रहा है। तो इस पर उपखंड अधिकारी ने मीडिया का फोन बार-बार काट कर अडिग रहते हुए अपनी हटधर्मिता दर्शा दी। और परिसर के बगीचे के वृक्ष कट चले गए। इस दौरान हरे वृक्षों को काटने वाले मजदूर से जानकारी चाहिए कि यह हरे वृक्ष क्यों और किसके आदेश पर काटे जा रहे हैं। तो मजदूर महावीर प्रसाद माली ने जानकारी बताए की उपखंड अधिकारी के आदेश पर हरे वृक्षों की कटाई की जा रही है इसके लिए देवली नगर पालिका ने मजदूरी पर उसे यह कार्य करने के लिए कहां है। मामला यह भी सामने आया कि जिन्ह हरे वृक्षों की कटाई की गई उनके भारी भरकम तनों(लकड़ियों)को मशीनों से मानो जैसे किसी खरीददार की इच्छा के अनुसार मापदंड और नापतोल नियत से काटा गया हो । ऐसे में एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की योजना और संकल्प को उस वक्त यहां शर्मसार होना पड़ा जब पूरे प्रदेश भर में पौधारोपण जैसे कार्यक्रम हो रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम योजना को शर्मसार करने वाले जिम्मेदारों ही यहा हरे भरे वृक्षों की बली ले ली और बेजुबान हरे वृक्ष मशीनों और कुलहड़ियों के वार से कट चले गए। इतना ही नहीं इस मामले में पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा प्रतिबंधित हरे भरे वृक्षों की कटाई के मामले पर विशालकाय वृक्षों को काटने की वजह बताने पर अलग-अलग बात कह कर मीडिया को गुमराह करते रहे।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

उपखंड अधिकारी परिसर के बगीचे में लगे हरे वृक्षों की छगाई के लिए नगर पालिका की ओर से मजदूर लगाए गए हैं। मजदूरों ने हर वृक्षों को पूरी तरह काट दिया इस मामले का पता करवाता हूं ।

**सुरेश कुमार मीणा,अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका देवली टोंक**

## डोटासरा बोले- शिक्षा मंत्री बौद्धिक रूप से बीमार

### दिलावर क्या अपना ईमेल बंद कर देंगे, मोबाइल-लैपटॉप फेंक देंगे क्योंकि ये सब विदेशी हैं?



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विदेशी सामान पर पाबंदी लगाने पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर गोविंद सिंह डोटासरा ने निशाना साधा। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोशल मीडिया पोस्ट कर शिक्षा मंत्री को बौद्धिक रूप से बीमार बता दिया।

डोटासरा ने पोस्ट में लिखा- राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर बौद्धिक रूप से बीमार, बेहद बीमार चल रहे हैं। उन्हें किसी अच्छे अस्पताल में इलाज और आराम की सख्त आवश्यकता है। हर दिन बेतुके बयान और निर्णयों से शिक्षा व्यवस्था का बेड़ागर्क करने में लगे मंत्री का अब शिक्षा, पंचायतीराज और संस्कृत विभागों में विदेशी वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाना अनुपयुक्त और विवेकहीन फ़ैसला है।

#### डोटासरा ने शिक्षा मंत्री से पूछे सवाल


डोटासरा ने मदन दिलावर से छह सवाल पूछे हैं। डोटासरा ने पूछा- क्या मंत्री जी शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट में जिसमें उनका ईमेल लिखा है। उसका इस्तेमाल अब बंद कर देंगे? क्योंकि वो विदेशी कंपनी का बनाया हुआ है? क्या मंत्री जी, जिस विदेशी कंपनी का मोबाइल फोन इस्तेमाल करते हैं, उसे फेंक देंगे?

#### डोटासरा ने शिक्षा मंत्री से पूछे सवाल

डोटासरा ने मदन दिलावर से छह सवाल पूछे हैं। डोटासरा ने पूछा- क्या मंत्री जी शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट में जिसमें उनका ईमेल लिखा है। उसका इस्तेमाल अब बंद कर देंगे? क्योंकि वो विदेशी कंपनी का बनाया हुआ है? क्या मंत्री जी, जिस विदेशी कंपनी का मोबाइल फोन इस्तेमाल करते हैं, उसे फेंक देंगे? क्या स्कूलों में बच्चों की कंप्यूटर शिक्षा बंद कर दी जाएगी? क्योंकि कंप्यूटर और लैपटॉप भी विदेशी कंपनियों के हैं। क्या कक्षाओं में स्मार्ट और डिजिटल बोर्ड का उपयोग बंद कर देंगे? क्या विभागीय ई-मेल और कंप्यूटर पर होने वाला सारा काम रोककर ठप कर दिया जाएगा? क्योंकि ये भी विदेशी कंपनियों के हैं। क्या प्रोजेक्टर, प्रिंटर और स्कैनर का इस्तेमाल अब बंद हो जाएगा? क्योंकि ये भी तो विदेशी कंपनियों के हैं।

## राजस्थान के 309 निकायों में एक साथ होंगे चुनाव

### मंत्री बोले- जयपुर-जोधपुर-कोटा नगर निगम का एकीकरण होगा



बढ़ता राजस्थान

**नागौर।** राजस्थान के 309 निकायों के चुनाव एक साथ होंगे। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को यह ऐलान किया है। मंत्री खर्रा ने कहा- राजस्थान में निकाय चुनाव के लिए सरकार तैयार है। नगर निकायों का पुनर्सीमांकन करके गजट नोटिफिकेशन जारी कर चुके हैं। वार्डों का पुनर्सीमांकन का नोटिफिकेशन भी एक सप्ताह में जारी हो जाएगा। उन्होंने कहा- निर्वाचन विभाग उम्मीद के अनुसार इस महीने के अंत तक निकायों की मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर देगा। इसके बाद निर्वाचन आयोग को अनुरोध करेंगे कि संभव हो तो वन स्टेट, वन इलेक्शन की तर्ज पर दिसंबर में सभी नगर निकायों के चुनाव करवा दें। मंत्री खर्रा बुधवार को नागौर पहुंचे। सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा- सरकार की प्रदेश के सभी 309 निकायों में चुनाव की तैयारी है। पिछली बार प्रदेश के 312 निकायों में चुनाव हुए थे।

## मानसून सत्र का 13वां दिन, संसद एक दिन के लिए स्थगित

### लोकसभा में मर्चेंट शिपिंग बिल पास; दोनों सदनों में विपक्ष का बिहार SIR मुद्दे पर हंगामा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र का बुधवार को 13वां दिन था। राज्यसभा और लोकसभा को 7 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। पोर्ट, शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बुधवार को लोकसभा में मर्चेंट शिपिंग बिल, 2024 पेश किया। विपक्ष के हंगामे के बीच बिल पास हुआ। इससे पहले गुरुवार सुबह दोनों सदन शुरू होते ही विपक्ष ने बिहार वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन मामले पर हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, विपक्षी दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मांग की है कि नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाए। वहीं, राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह को लेटर लिखा है। जिसमें उन्होंने राज्यसभा में बिहार एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग की है।

बीते दिन राज्यसभा में मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन की अवधि छह महीने और बढ़ाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया। वहीं, लोकसभा में गोवा राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुन: समायोजन विधेयक, 2024 पारित किया गया। 12 दिनों में अब तक 2 दिन चर्चा हुई 21 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से संसदीय कार्यवाही करीब ठप रही है। बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने हर दिन विरोध-प्रदर्शन किए। 11 दिनों के दौरान, सिर्फ 28 और 29 जुलाई को सदन में पूरे दिन की कार्यवाही चली। दोनों दिन, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा हुई थी।

#### लोकसभा में इन 2 बिल पर चर्चा होनी थी

नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025- खेल संगठनों और खिलाड़ियों के बेहतर संचालन और पारदर्शिता के लिए लाया गया एक कानून है।

इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में खेल संघ अच्छे तरीके से काम करें और खिलाड़ियों के अधिकारों और हितों की रक्षा हो। नेशनल एंटी-डोपिंग एक्ट (अमेंडमेंट) बिल- इस बिल का मकसद खिलाड़ियों में डोपिंग को रोकना है। यह बिल नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी को ज्यादा ताकत देगा और इसे स्वतंत्र संस्था बनाकर जांच प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की कोशिश करेगा।

## 1 अक्टूबर से एअर-इंडिया की सभी इंटरनेशनल फ्लाइट्स उड़ान भरेंगी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एक अक्टूबर से पूरी तरह से इंटरनेशनल फ्लाइट्स का परिचालन शुरू करेगी। सीईओ कैंपबेल विल्सन ने बताया कि 1 अगस्त से कुछ इंटरनेशनल फ्लाइट्स ने उड़ान भरना शुरू कर दिया है और 1 अक्टूबर तक सभी फ्लाइट्स शुरू करने का लक्ष्य है। अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश के बाद कुछ उड़ानें आंशिक रूप से रोक दी गई थीं। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उड़ानें शुरू की जाएंगी। उन्होंने माना कि पिछले कुछ हफ्तों में परिचालन संबंधी दिक्कतें आई हैं, जिनका यात्रियों के अनुभव पर असर पड़ा होगा। विल्सन ने कहा कि डीजीसीए ने एअर इंडिया का एनुअल ऑडिट और विशेषज्ञों की एक बाहरी टीम ने आईएटीए परिचालन सुरक्षा ऑडिट किया है।

## सीएम का 9-पुलिस इंस्पेक्टर्स को जबरन रिटायर करने का फैसला

### गलत जमीन आवंटन पर आईएएस के खिलाफ कार्रवाई होगी; 13 अफसरों का इंक्रीमेंट रुकेगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार और अलग-अलग मामलों में सीएम भजनलाल शर्मा ने अफसरों के खिलाफ एक्शन लेने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने 9 पुलिस इंस्पेक्टर्स को जबरन रिटायर करने के फैसले को मंजूरी दी है। इन 9 पुलिस इंस्पेक्टर्स की सर्विस दागी होने के साथ इन पर कई गंभीर आरोप थे।

गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए सीएम ने इन सभी दागी पुलिस इंस्पेक्टर्स को जबरन रिटायर कर सेवा से बाहर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सीएम ने राज्य सेवा के अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही, अभियोजन स्वीकृति और 17-ए के विचाराधीन 37 मामलों का निस्तारण करते हुए 55 अफसरों के खिलाफ जांच के मामलों में मंजूरी दी है। जिन इंस्पेक्टर्स को जबरन रिटायर करने का फैसला किया है, उनकी कामकाज की शैली, दक्षता, सत्यनिष्ठा, विभागीय जांच कार्यवाही और सालाना कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (एसीआर) की विभिन्न स्तर पर स्क्रीनिंग की गई थी। इनके मामलों की हाई लेवल कमेटी से जांच करवाई थी। कमेटी की मंजूरी के बाद इसे सीएम के पास फैसले के लिए भेजा गया।सीएम ने नियमों के खिलाफ जाकर जमीन आवंटन के एक गंभीर मामले में एक ढ्स के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही को मंजूरी दी है। आईएएस के खिलाफ अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियम 1969, के नियम 8 के तहत कार्यवाही शुरू करने की मंजूरी दी है। सीएम ने 6 अफसरों के खिलाफ करप्शन के मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है। अब इन 6 अफसरों के खिलाफ एसीबी मुकदमा चला सकेगी। 2 आरएएस और लेखा सेवा के अफसरों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 17-ए में विस्तृत जांच करने की मंजूरी दी है। सीएम ने 13 अफसरों के खिलाफ नियम-16 के तहत सालाना इंक्रीमेंट रोकने का फैसला किया है। रिटायर्ड हो चुके अफसरों के पुराने मामलों का निस्तारण करते हुए पेंशन नियमों के तहत 5 अफसरों की पेंशन रोके जाने का फैसला किया है। एक अफसर के भ्रष्टाचार में दोषी साबित होने पर पूरी पेंशन रोकने की मंजूरी दी है। रिटायर्ड हो चुके 14 अफसरों पर प्रमाणित आरोपों के जांच निष्कर्ष का अनुमोदन किया गया।

## गहलोत बोले- नरेंद्र मोदी कमजोर प्रधानमंत्री साबित हो रहे : उनके शासन में भारत चौतरफा घिर रहा; बेरोजगारी से युवाओं में हाहाकार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने विदेश नीति और अमेरिका से ट्रेड डील मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। गहलोत ने अमेरिका के राष्ट्रपति का नाम लेकर जवाब नहीं देने पर भी सवाल उठाए हैं। गहलोत ने एक्स पर लिखा - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में भारत चौतरफा घिर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार भारत के खिलाफ अनर्गल बोल रहे हैं। ट्रम्प अभी तक 30 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाने का दावा कर चुके हैं। अब वो भारत के व्यापारिक हितों के खिलाफ फैसले कर रहे हैं। इन सबके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार भी उनका नाम लेकर अपना बयान नहीं दे सके हैं। गहलोत ने लिखा- चीन और पाकिस्तान अब खुलकर भारत के खिलाफ साथ आ चुके हैं। हमारी सेनाओं ने मजबूती से उनको मुंहतोड़ जवाब दिया, लेकिन राजनीतिक और राजनयिक मोर्चे पर भारत अकेला पड़ गया। यह मोदीजी की असफलता है। मोदीजी संसद में भी स्पष्ट जवाब देने की बजाय बातें घुमाते दिखे। उनकी सरकार देशहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संसद में बहस तक नहीं कर पा रही है। नौकरी देने में मोदीजी पूरी तरह विफल हुए हैं। बेरोजगारी से युवाओं में हाहाकार मचा हुआ है। 56 इंच के सीने का दावा करने वाले नरेंद्र मोदी कमजोर प्रधानमंत्री साबित हो रहे हैं।



#### सरकार सिलेबस में मनचाहा बदलाव करना चाहती है

गहलोत ने NCERT की आठवीं की किताब में मराठा साम्राज्य को लेकर गलत तथ्य लिखने पर भी तंज कसा। गहलोत ने कहा- केंद्र सरकार सिलेबस में मनमाने तरीके से बदलाव कर रही है। आजादी के आंदोलन में हिस्सा लेने वाले कांग्रेस के नेताओं को ही ये सिलेबस की किताबों में जगह नहीं दे रहे। महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू सहित हमारे महान नेताओं का इतिहास है। देश के लिए जेल जाने वाले, त्याग और बलिदान देने वाले नेताओं तक को ये सिलेबस में शामिल नहीं कर रहे।

## राहुल बोले-ट्रम्प धमका रहे, मोदी सामना नहीं कर पा रहे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, ट्रम्प की धमकियों के सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि अडाणी के खिलाफ अमेरिकी जांच चल रही है। ऐसे में मोदी के हाथ बंधे हुए हैं। मोदी का एए (अडाणी-अंबानी) के साथ क्या संबंध है, यह उजागर हो चुका है। पिछले साल अमेरिका में अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। अमेरिकी अटॉर्नी ऑफिस आरोप पत्र के मुताबिक, अडाणी की कंपनी ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट गलत तरीके से हासिल किए थे। इसके लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी। इसकी जांच जारी है। राहुल बोले- इंडियन इकोनॉमी मर चुकी, इसे मोदी ने मारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा- मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडाणी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार